


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 108 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 31 जनवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# सीएम साय ने दी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि कहा- नक्सलवाद को खत्म करके रहेंगे

## मंगलवार को बीजापुर-सुकमा बॉर्डर पर पोस्ट पर नक्सली हमले के बाद हुई थी मुठभेड़, तीन जवान शहीद व 15 जवान घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**जगदलपुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के टेकलगुड़ा नक्सली हमले में शहीद हुए जवानों को जगदलपुर में बुधवार को श्रद्धांजलि दी गई। शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए सीएम विष्णु देव जगदलपुर पहुंचे. यहां सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के हेड क्वार्टर में जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सीएम साय ने कहा कि नक्सलियों की इस कायराना करतूत का जवाब देने के लिए हमारी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।



गौरतलब है कि मंगलवार को सुकमा जिले के टेकलगुड़ा में कैंप स्थापित करने पहुंचे सुरक्षा बल के जवानों पर नक्सलियों ने हमला कर दिया था। इस हमले में 3 जवानों की शहादत हो गई थी, जबकि 15 जवान घायल हुए हैं। घायल जवानों का इलाज जगदलपुर और रायपुर के अस्पतालों में चल रहा है। शहीद जवानों का शव जगदलपुर के सीआरपीएफ 201 कोबरा बटालियन के हेड क्वार्टर में रखा गया है, जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए सीएम विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप और डीजीपी अशोक जुनेजा भी पहुंचे। गार्ड ऑफ़ ऑनर देने के बाद शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृह ग्राम के लिए रवाना कर दिया गया। इस मौके पर पुलिस और सीआरपीएफ के अफसर भी मौजूद थे।

मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य में नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अब अपने खात्मे की ओर है। लड़ाई हम जीतेंगे। आने वाले समय में नक्सलवाद को खत्म करके रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए अंदरूनी इलाकों में कैंप स्थापित किए जा रहे हैं। नक्सली जिन इलाकों को अब तक अपना समझ रहे थे, उन इलाकों में सुरक्षाबलों के दखल और बढ़ते प्रभाव से नक्सली बौखला गए हैं और कायराना हरकत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हर स्थिति में अपने जवानों के साथ मजबूती के साथ खड़े हैं।

### अस्पताल में घायल जवानों से मिलकर जाना हाल

इससे पहले, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुकमा जिले के जगरगुंडा थाने के टेकलगुड़ा में मुठभेड़ में घायल हुए जवानों से मिलने और उनका हाल जानने के लिए रायपुर के नारायणा और बालाजी अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने इन दोनों अस्पतालों में भर्ती जवानों से मुलाकात की, उनका हाल पूछा और घायल जवानों का बेहतर से बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। बालाजी अस्पताल में घायल जवानों से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि राज्य में नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए अंदरूनी इलाके में कैंप स्थापित किए जा रहे हैं।

### 8 जवान रायपुर के अस्पतालों में हैं भर्ती

मंगलवार को सुकमा जिले के जगरगुंडा थाने के टेकलगुड़ा में नक्सलियों और जवानों के बीच हुई मुठभेड़ में सीआरपीएफ के तीन जवान शहीद हो गए थे, जबकि 15 जवान घायल हुए। घायल हुए 8 जवानों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर लाया गया है। यहां के नारायणा और बालाजी अस्पताल में घायल जवानों को भर्ती कराया गया है। अन्य घायल जवानों का इलाज मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में चल रहा है। रायपुर के अस्पतालों में भर्ती घायल जवानों से सीएम ने मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल के जवान सर्चिंग पर निकले थे. नक्सलियों ने उन पर घात लगाकर कायराना हमला किया है। हमारे जवानों ने उनके इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया है, जिसके चलते नक्सली भाग खड़े हुए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, डीजीपी अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद और बसवराज उनके साथ थे।

### सरकार शहीद परिवारों के साथ- गृहमंत्री

इधर, नक्सली हमले को लेकर प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा का बयान आया है। उन्होंने कहा कि ये जवानों की बहुत बड़ी जीत है, जिन सघन क्षेत्रों में जाना मुश्किल है वहां हमारे जवान कैंप लग रहा है। कैंप पुलिस का कैंप नहीं रह गया है यह विकास का कैंप है। उन्होंने साथ ही कहा कि जो कुछ हुआ है हमारे जवान शहीद हुए हैं उनके चरणों को छूकर नमन करता हूं। सरकार हर समय उनके परिवार के साथ होगी। राज्य और केंद्र की सरकार के जो प्रावधान हैं वो पूरे किए जाएंगे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद नक्सलियों के खिलाफ एक्शन में तेजी आई है। इसी से नक्सली बौखलाए हुए हैं। घटना को इसी बौखलाहट का परिणाम बताया जा रहा है।

## खास-खबर



### बजट 2024: बजट से ठीक पहले सरकार ने दिया बड़ा तोहफा सस्ते होंगे स्मार्टफोन

**नईदिल्ली।** भारत सरकार ने अंतरिम बजट से ठीक पहले एक बड़ी घोषणा की है जो कि मेड इन इंडिया प्रोजेक्ट के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। भारत सरकार ने मोबाइल फोन के प्रोडक्शन में इस्तेमाल होने वाले कंपोनेंट्स-पार्ट्स पर आयात शुल्क में कटौती की है। मोबाइल पार्ट्स पर अब आयात शुल्क 15 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया गया है।

सरकार की ओर से कहा गया है कि सिम सॉकेट, मेटल पार्ट्स, सेलुलर मॉड्यूल और अन्य मैकेनिकल आईटम पर आयात शुल्क अब 5 फीसदी कम लगेगा। मिडिल कवर, मेन लेंस, बैक कवर, जीएसएम एंटीना, पीयू केस, सीलींग गास्केट, सिम सॉकेट, स्क्रू और अन्य प्लास्टिक और मेटल मैटेरियल पर भी आयात शुल्क कम किया गया है।

सरकार के इस फैसले पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने कहा, आयात शुल्क में रियायत देने का सरकार का फैसला सीमा शुल्क प्रक्रियाओं में बहुत जरूरी निश्चितता और स्पष्टता लाता है। मैं मोबाइल फोन विनिर्माण को मजबूत करने की दिशा में इस कदम के लिए माननीय प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को धन्यवाद देता हूं।

सरकार के इस फैसले से भारत में अपने फोन का प्रोडक्शन कर रहीं कंपनियां काफी खुश होंगी, क्योंकि कच्चे माल के आयात में उन्हें अब कम टैक्स देना होगा। इसका असर मोबाइल फोन की कीमतों पर भी देखने को मिलेगा। सरकार के इस फैसले से मोबाइल फोन सस्ते होंगे।

बता दें कि कुछ दिन पहले ही ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि स्मार्टफोन बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स पार्ट्स पर इंपोर्ट ड्यूटी को कम किया जा सकता है। रिसर्चर्स के मुताबिक सरकार के इस कदम से मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा।

## नक्सली और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, कुकर बम बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जगदलपुर।** भैरमगढ़ और इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सलियों से टीम दंतेवाड़ा की दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमावर्ती क्षेत्र ग्राम रोतड़ पिंडकापाल बोडगा ताकिलोर क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान नक्सलियों के द्वारा गोलीबारी के साथ ही यूबीजीएल भी दागे। इस दौरान पुलिस टीम नक्सलियों के ऊपर भारी पड़ी। जिसके बाद नक्सली भाग निकले।

बताया जा रहा है कि भैरमगढ़ और इंद्रावती एरिया कमिटी के प्लाटून नंबर 16 के कमांडर डीवीसीएम मल्लेश सहित सशस्त्र 25- 30 नक्सलियों की बैठक होने की सूचना पुलिस टीम को लगी। सूचना पर डीआरजी बस्तर फाइटर्स तथा सीआरपीएफ 230 यंग प्लाटून टीम द्वारा संयुक्त नक्सल गश्त सर्चिंग अभियान चलाया गया।

नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर हथियारों से फायरिंग भी की। सुरक्षाबलों के द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना जताई जा रही है। वापसी के दौरान दंतेवाड़ा की टीम ने तीन नक्सल स्मारक सहित नक्सल डेरा ध्वस्त किए। नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए रास्तों में स्पाइक और आईईडी लगाया गया था। टीम दंतेवाड़ा द्वारा रास्ते में लगाया गया कुकर बम भी बरामद किया गया है।

## संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण, कहा- राम मंदिर निर्माण सदियों का सपना था, जो अब हुआ सच



**नईदिल्ली।** संसद के बजट सत्र की शुरुआत हो चुकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र की शुरुआत के मौके पर लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। उन्होंने लगभग 74 मिनट के संबोधन में सरकार के विजन और देश में बीते 10 साल की अवधि में हुए कामकाज का विस्तार से जिक्र किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र किया। इस पर सदन में मेज थपथपाकर स्वागत किया।

राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में देश की रक्षा, विदेश और आर्थिक नीतियों का जिक्र किया। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा, सरकार विधायिका में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा, राम मंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी जो अब पूरी हुई है। बता दें कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह गत 22 जनवरी को हुआ। पीएम मोदी ने राम लला की उत्सव मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा की। इस मौके पर देश-विदेश के लगभग आठ हजार मेहमान विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

## जातीय गणना पर झूठा क्रेडिट ले रहे हैं राहुल गांधी, इसे मैंने करवाया: सीएम नीतीश कुमार



**पटना (एजेंसी)।** एनडीए के साथ मिलकर सरकार बनाने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कांग्रेस के वरीय नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया है। पटना में मीडिया ने उसे पूछा कि बिहार में जाति जनगणना का श्रेय राहुल गांधी ले रहे हैं, इस सवाल पर सीएम नीतीश कुमार तीखी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने इससे बढ़कर कोई फालतू बात ही नहीं है। जाति आधारित गणना कब हुआ? आप भूल गए। मैंने नौ पार्टियों की मौजूदगी में जाति गणना करवाया। 2019 और 2020 में विधानसभा से लेकर सार्वजनिक बैठकों तक हर जगह जाति जनगणना कराने की बात कहता रहता था। इसके बाद 2021 में मैं प्रधानमंत्री से भी मिलने गया।

नीतीश कुमार ने स्पष्ट कहा कि सभी दलों की सहमति से मैंने जाति गणना करवाया। उस समय विपक्ष दूसरे तरफ थे, उनलोगों को भी मैंने कहा। मैं तो उन्हें ले भी गया था। क्या होना चाहिए यह आपलोग अच्छी तरह जानते हैं। कितने लोग किस काम को कैसे करेंगे, यह तो मैंने करवाया। कितना काम किया है मैंने यह तो सब लोग जान ही रहे हैं। कोई अपना क्रेडिट का ले रहा है, इसे छोड़िए न, अब इन सब बातों का कोई मतलब नहीं है। जितनी बहाली हुई, यह सब सात निश्चय के तरह न हुआ है। इसपर भी कोई अपना दावा कर रहा है तो अब इसका कोई मतलब नहीं है।

## फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट से 260 मीटर लंबी रेल पैनल रेलवे को भेजा

■ **रेलवे ने बीएसपी को दिया था साबरमती के प्लांट का उपयोग करने का प्रस्ताव**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने साबरमती, अहमदाबाद स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट से भारतीय रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल का दो रेक भेजा है। 6 नवंबर 2023 को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल के पहले रेक भेजे जाने के बाद से अब तक भारतीय रेलवे को कुल छह रेक भेजा जा चुका है।

विदित हो कि भारतीय रेलवे की 260 मीटर लंबे वेल्डेड रेल पैनल की बढ़ती मांग को पूरा करते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र ने 13 और 26 मीटर रेल पैनल की वेल्डिंग के लिए साबरमती के फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट सुविधा का उपयोग करने हेतु प्रस्ताव रखा था।

26 दिसंबर, 2022 को भारतीय रेलवे के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया और इसके बाद सेल-बीएसपी ने पश्चिमी रेलवे के साबरमती वेल्डिंग प्लांट का अधिग्रहण कर लिया। प्लांट कमीशनिंग स्टेज पर था और कई चुनौतियों पर काबू पाने के पश्चात, 18 अक्टूबर, 2023 को एफबीडब्ल्यूपी-साबरमती से वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ हुआ। प्लांट की कमिशनिंग, वेल्डिंग मापदंडों के मानकीकरण और एफबीडब्ल्यूपी साबरमती प्लांट को शुरू करने के लिए बीएसपी और आरडीसीआईएस-रांची तथा सेल के सीएमओ ने मिलकर काम किया।

साबरमती में एफबीडब्ल्यूपी सुविधाओं का उपयोग करते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) और रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) से लांग रेल पैनल आपूर्ति की मात्रा में वृद्धि की गई है। उल्लेखनीय है कि एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती में वेल्डिंग के लिए इनपुट रेल की आपूर्ति बीएसपी के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से की जा रही है।

साबरमती, स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट की कमिशनिंग, स्थिरता से लेकर 260 मीटर लंबे रेल वेल्डेड रेल पैनल डिस्पैच की उपलब्धि न केवल भारतीय रेलवे की रेल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सेल-बीएसपी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, बल्कि देश की रेल विनिर्माण क्षमताओं में प्रगति का भी प्रतीक है। यह सेल और भारतीय रेलवे के बीच आपसी सहयोग को भी दर्शाता है।



## चुनाव के नाम से ही अब लगता है डर

श्रीकंचनपथ




लोकसभा चुनाव को ज्यादा दिन नहीं रह गए हैं। एक तो विधानसभा चुनाव के नतीजे, ऊपर से धड़ाधड़ पड़ रहे छापों ने बड़े नेताओं और पूर्व मंत्रियों के हाथ पैर ठंडे कर दिये हैं। कांग्रेस ने इस बार लोकसभा चुनाव के टिकट समय से काफी पहले तय कर देने का फैसला किया है। इसके लिए संगठन ने आवेदन मंगवाने भी शुरू कर दिये हैं। पर विधानसभा चुनाव जैसा उत्साह अभी दिखाई नहीं दे रहा। उस समय सब यही मानकर चल रहे थे कि जिसे भी टिकट मिलेगी वह पक्का जीत जाएगा। अब स्थिति उलट है। कांग्रेस के बड़े नेताओं और पूर्व मंत्रियों को लग रहा है कि इस बार चुनाव में खड़े हुए तो बुरी तरह भद्द पिटने वाली है। वैसे विधानसभा के 90 सीटों के मुकाबले लोकसभा में केवल 11 ही सीटें होती हैं। इस लिहाज से देखा जाए तो अब तक 160 आवेदनों का आ जाना भी मायने रखता है। पर ये सभी आवेदन या तो युवाओं के हैं या फिर नए चेहरे हैं। वैसे भी कांग्रेस के बड़े नेता अब ज्यादा हाथ पैरा नहीं हिलाते। पिछली सरकार लगभग वन मैन शो थी जिसमें अंतिम दिनों में एक को-पायलट को शामिल कर लिया गया था। इसका भी ज्यादा असर देखने को नहीं मिला। अधिकांश मंत्रियों ने अपनी गजब छीछालेदर करवाई थी। अब वे लोकसभा की टिकट मांगें भी तो किस मुंह से। एक खतरा और सता रहा है। जब से छापेमारी की बहार आई है, धनबल और बाहुबल के आधार पर चुनावी मंसूबे बांधने पर विराम सा लग गया है। वरिष्ठ नेताओं को यह भी पता है कि यदि टिकट मांग लिया तो प्रचार में अपनी ही दमड़ी खर्च करनी पड़ेगी। पिछली सरकार 15 साल बाद बनी थी। पांच साल चली और बाहर हो गई। अब न जाने कितने साल तक और इंतजार करना पड़ेगा। ऐसे में अपनी अंटी ढीली करने का कोई मतलब नहीं है। पार्टी फंड की उन्हें ज्यादा उम्मीद नहीं है। चुनाव फाइनेंस करने वाले भी दुबक गए हैं। 2018 के चुनाव से पहले युवक कांग्रेस का जबरदस्त बोलबाला था। सरकार बनते ही इनमें से अनेक कमाऊ पूत बन गए और सड़क की राजनीति से किनारा कर लिया। वैसे भी अपनी ही सरकार के खिलाफ क्या हंगामा करते। पर इन युवाओं में थोड़ी जान अभी बाकी है। भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव की दोबारा जीत से उनके हौसले बने हुए हैं। वैसे एक तरह से यह अच्छा भी है। पार्टी की अभी जो हालत है, उसने जबरदस्त री-शफल की जरूरत पैदा कर दी है। अब जीतने वाले या जिताने वालों की नहीं बल्कि साहस के साथ खड़े होने वालों की जरूरत है। पिछले चुनाव के दौरान भूपेश लगातार कहते रहे हैं कि अंग्रेजों की बंदूकों से नहीं डरने वाले कांग्रेसी किसी और से क्या डरेंगे? उनके तेवर बरकरार हैं। युवाओं का साथ मिला तो वे फिर नई पारी खड़ी कर सकते हैं।



## संपादकीय

# ईडी से बचने के लिए

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और प्रवर्तन निदेशालय, यानी ईडी के अधिकारियों के बीच सोमवार और मंगलवार को जो लुकाछिपी का खेल चला, वह चिंताजनक तो है ही, साथ ही काफी दिलचस्प भी है। ईडी जमीन घोटाले के बारे में काफी समय से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करना चाहती है, लेकिन हर बार जब समन जारी होता है, वह नहीं पहुंचते। रविवार को वह सरकारी विमान से नई दिल्ली पहुंचे, तो सोमवार देर रात ईडी ने उनके दिल्ली स्थित निवास-स्थान पर छापा मारा। ईडी ने दावा किया कि उसे छापे में कुछ कागजात, 36 लाख रुपये नकद और एक एसयूवी कार मिली। मगर हेमंत सोरेन नहीं मिले। जब संपर्क की कोशिश की गई, तो मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों के फोन बंद मिले। मंगलवार को यह खबर मीडिया के जरिये लोगों तक पहुंची ही थी कि पता चला कि मुख्यमंत्री रांची के अपने सरकारी निवास-स्थान पर पहुंच गए हैं। अब उन्होंने ईडी को चिट्ठी लिखकर कहा है कि वह पूछताछ के लिए बुधवार को दोपहर एक बजे अपने निवास पर उपलब्ध रहेंगे। ईडी अधिकारी वहां उनसे पूछताछ कर सकते हैं। वैसे पिछले कुछ दिनों से यह कहा जा रहा है कि झारखंड जमीन घोटाले को लेकर ईडी उन्हें कभी भी गिरफ्तार कर सकती है। अगर यह सिर्फआशंका है, तब भी एक मुख्यमंत्री से उम्मीद की जाती है कि वह आने वाले राजनीतिक संकट को देखते हुए प्रदेश को कोई व्यवस्था देने की कोशिश करेगा। मगर हेमंत सोरेन इससे भी बचने की कोशिश करते रहे। सबसे बड़ी बात यह है कि एक वरिष्ठ राजनेता और मुख्यमंत्री यह कैसे सोच लेता है कि वह ईडी जैसी एजेंसी की पूछताछ से हमेशा के लिए बच सकता है? वैसे, ऐसा करने वाले हेमंत सोरेन अकेले नहीं हैं। यही काम कुछ अन्य राज्यों के नेता और मुख्यमंत्री भी कर रहे हैं। अगर हम हेमंत सोरेन के आरोप को सही मान भी लें कि उन्हें फंसाने की कोशिश हो रही है, तो एक वरिष्ठ राजनीतिज्ञ की तरह उनसे उम्मीद की जाती है कि वह इन कोशिशों का राजनीतिक मुकाबला करेंगे। जबकि, भागने की कोशिशों से तो उनकी राजनीतिक छवि ही खराब होगी, और बहुत से लोग यह मानने पर बाध्य होंगे कि दाल में कुछ काला है। हेमंत सोरेन अगर चाहें, तो अपने पड़ोसी राज्य बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और उनके पुत्र तेजस्वी यादव से इस मामले में बहुत कुछ सीख सकते हैं। इसी दौरान पटना में पूरे एक दिन ईडी ने 75 वर्षीय लालू यादव से पूछताछ की। अगले दिन तेजस्वी यादव से पूछताछ शुरू हो गई। ईडी के खिलाफ उनके आरोप भी वही हैं, जो हेमंत सोरेन के हैं, लेकिन वे जानते हैं कि इससे बचा नहीं जा सकता और इस लड़ाई को राजनीतिक रूप से ही लड़ना होगा। हालांकि, ईडी भी पिछले कई साल से विवादों में रही है। खासकर राजनीतिज्ञों के खिलाफ जांच करने और फिर उनमें से कुछ को क्लीन चिट दे देने के मामले में ईडी के राजनीतिक दुरुपयोग के आरोप भी सामने आते रहे हैं। पिछले दिनों आए आंकड़े बताते हैं कि ईडी ने अब तक जितने भी लोगों पर आरोप लगाए हैं, उनमें आरोप-सिद्धी की दर 0.5 फीसदी ही रही है। मगर इस सबका अर्थ यह नहीं है कि ईडी जब समन जारी करे, तो नेता भागते फिरें। लोग तो यही उम्मीद करते हैं कि कैसा भी संकट आए, उनके नेता पूरी मर्यादा के साथ चुनौती का मुकाबला करने का उदाहरण पेश करेंगे।

> हेमंत सोरेन अगर चाहें, तो अपने पड़ोसी राज्य बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और उनके पुत्र तेजस्वी यादव से इस मामले में बहुत कुछ सीख सकते हैं। इसी दौरान पटना में पूरे एक दिन ईडी ने 75 वर्षीय लालू यादव से पूछताछ की।

## अंतरराष्ट्रीय न्याय को ठेंगा?

गजा में इजराइली कार्रवाई के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की याचिका पर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के अंतरिम आदेश पर अमेरिका और उसके साथी देशों की प्रतिक्रिया नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति उनकी निष्ठा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ह्वाइट हाउस ने कहा है कि इस निर्णय से इजराइल-फिलस्तीन युद्ध के बारे में उसके नजरिए में कोई बदलाव नहीं आएगा। कनाडा ने तो यह भी दोहरा दिया है कि इस मामले में दक्षिण अफ्रीका की याचिका की वैधता को वह स्वीकार नहीं करता। इसके बावजूद कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने दो टूक निर्णय दिया कि संयुक्त राष्ट्र की नरसंहार संबंधी संधि के तहत उसने दक्षिण अफ्रीका की याचिका को विचार के लिए स्वीकार किया है। इजराइल गजा में नरसंहार में शामिल है या नहीं, इस बारे में न्यायालय बाद में फैसला देगा। लेकिन दक्षिण अफ्रीका की तात्कालिक राहत संबंधी गुजारिश पर उसने छह महत्त्वपूर्ण आदेश दिए हैं। इनमें इस्तेमाल हुई भाषा से स्पष्ट है कि न्यायालय प्रथम दृष्टया मान रहा है कि यह नरसंहार का मामला है। उसने इजराइल को ऐसी हर कार्रवाई रोकने का आदेश दिया है, जिससे नरसंहार की आशंका हो। दक्षिण अफ्रीका ने तुरंत युद्धविराम का आदेश देने की गुजारिश की थी। न्यायालय ने दो टूक ऐसा आदेश तो नहीं दिया, लेकिन उसके अन्य आदेशों का अर्थ व्यावहारिक रूप में युद्धविराम ही है। उसने गजा में मानवीय राहत पहुंचाने और मानवीय स्थितियां बहाल करने का आदेश दिया है। जाहिर है, यह कार्य बिना युद्धविराम के नहीं हो सकता। यह स्पष्ट आदेश आने के बाद इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय पर यहूदी विरोधी होने का इल्जाम लगा दिया। अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों की प्रतिक्रियाओं का सार भी यही है कि उनके लिए इस निर्णय का कोई महत्त्व नहीं है। इस रुख से उन्होंने संदेश दिया है कि वे सिर्फ उन नियमों को मानते हैं, जो उनके मुताबिक और उनके हित में हों। अगर नियम उनके खिलाफ जाने लगें, तो वे उसे ठोकर मार देते हैं। मगर इस रुख से वे दुनिया में अपने नैतिक बल और सॉफ्ट पॉवर को और क्षीण करेंगे। आखिर वैश्विक नैरेटिव पर अब उनका पहले जैसा कंट्रोल नहीं रह गया है।

## इस बार प्रहसन में!

एक बहुचर्चित कथन है कि इतिहास अपने को दोहराता है, लेकिन पहली बार ट्रेजेडी में और दूसरी बार प्रहसन के रूप में। इसका अर्थ यह है कि इतिहास की महत्त्वपूर्ण घटनाओं से जब लोग सबक नहीं लेते, तो उन्हें दोबारा वैसी ही त्रासदी का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद लोग सीख नहीं लेते, तो फिर वैसी घटनाएं प्रहसन के रूप में दोहराई जाती हैं, क्योंकि तब लोग सबक ना सीखने की अपनी भूल के कारण सहानुभूति के नहीं, बल्कि तरस के पात्र बन जाते हैं। बिहार के विभिन्न राजनीतिक दलों ने- जब खुद को छला गया महसूस किया, तब उन्होंने नीतीश कुमार को पलटू राम का नाम दिया। लेकिन जब नीतीश प्रतिद्वंद्वी दल को छल कर साथ आ मिलते हैं, तो उन्हें गले लगाने में वे पार्टियां पूरा उत्साह दिखाती रही हैं। इसलिए बिहार में हुए ताजा घटनाक्रम को एक प्रहसन के रूप में देखा जाएगा। इससे संभव है कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अपना जातीय समीकरण बनाने में सहायता मिले, लेकिन जिस नेता के लिए सारे दरवाजे बंद हो गए थे, उसे फिर से राज्य में अपने गठबंधन का नेता मान कर पार्टी ने अपनी साख को क्षीण किया है।

दरअसल, कहा जा सकता है कि वह भी इस प्रहसन का एक प्रमुख पात्र बन गई है। उधर राष्ट्रीय जनता दल और उसकी सहयोगी पार्टियां भी हास्य का पात्र बनी हैं। कुछ रोज पहले तक भाजपा का साथ छोड़ कर आए नीतीश कुमार को समाजवादी एकता और चाचा-भतीजा का पुनर्मिलन बताने वाले नेताओं के साथ आखिर आज किसे हमदर्दी होगी! यह सारा घटनाक्रम भारतीय राजनीति के किसी बड़े मकसद से दूर जाते हुए विशुद्ध रूप से जोड़-तोड़ में तब्दील हो जाने की शायद सबसे बेपर्द मिसाल है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि राजनीति के इस स्वरूप को बेनकाब कर कोई नई शुरुआत करने वाली शक्तियों का पूरा अभाव बना हुआ है। इसलिए मतदाता भी बार-बार ठगे जाने के कारण ऐसी घटनाओं पर नाराज नहीं होते- बल्कि उनमें कौतुक और संबंधित घटनाओं से अपना मनोरंजन कर लेने का भाव जगता है। बिहार की घटनाओं ने फिलहाल उनका पूरा मनोरंजन किया है।

> भारत में निर्मित मेडटेक उत्पादों के विकास, सत्यापन, प्राधिकरण के इस राजमार्ग में अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), फार्मास्यूटिकल्स विभाग, अनुसंधान संस्थानों का इंटेंट नेटवर्क और कलाम इंस्टीट्यूट ऑफहेल्थ टेक्नोलॉजी और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के दो कार्यक्रम (भारत में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और दिशानिर्देश केंद्र) के मुख्य भागीदार हैं।

# मेडटेक मित्रः भारत निर्मित मेडटेक उत्पादों का हाईवे

विनोद के पॉल




केंद्र सरकार ने मेडटेक मित्र नाम से इनोवेटर्स की मदद के लिए एक पहल शुरू की है जिसका लक्ष्य क्लिनिकल मूल्यांकन, विनियामक सुविधा और नए मेडटेक उत्पादों को बढ़ावा देना है।

नए मेडटेक उत्पाद (जैसे चिकित्सा उपकरण या डायग्नोस्टिक) की यात्रा एक आविष्कारक के विचार से शुरू होती है जो एक प्रयोगशाला में इसकी प्रमाण अवधारणा (पीओसी) का प्रदर्शन करता है। फिर आविष्कारक को आगे के परीक्षण के लिए प्रोटोटाइप के निर्माण हेतु एक भागीदार की आवश्यकता भी होती है। उत्पाद के लिए पशु अध्ययन की आवश्यकता और आखिर में मानव अध्ययन को सख्त नियामक और नैतिक दिशानिर्देशों का पालन करते हुए और मजबूत अनुसंधान विधियों को नियोजित करने की आवश्यकता भी होती है। एक अनुमोदित और लाइसेंस प्राप्त उत्पाद बड़े पैमाने पर उत्पादन और बाजार में प्रवेश के अवसर की प्रतीक्षा करता है।

इनोवेटर्स और स्टार्टअप अपने तकनीकी काम में बहुत अच्छे हो सकते हैं, लेकिन विचार-विमर्श से लेकर क्लिनिकल सेटिंग में उपयोग के लिए तैयार उत्पाद तक की जटिल यात्रा को पूरा करना उनके लिए कठिन होता है, और अक्सर समय पर व्यापक मार्गदर्शन और सुविधा नहीं मिल पाती है।

ज्यादातर इनोवेटर्स विनियामक आवश्यकताओं, परीक्षण और सत्यापन, उद्योग ग्रेड उत्पादन, पशु अध्ययन, मूल्यांकन/परीक्षण, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन अनिवार्यताओं, आदि के बारे में समझ और अवसरों की कमी से संबंधित कठिनाइयाँ का सामना करते हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में संभावित प्रभावी मेडटेक उत्पाद विकास पाइपलाइन के विभिन्न चरणों में अटके रहते हैं, और कभी भी मुख्यधारा में नहीं आ पाते हैं। निराशा हाथ लगती है और कई इनोवेटर्स हार मान जाते हैं। यह अस्वीकार्य स्थिति युवाओं की नवीन और उद्यमशीलता की भावना और प्रतिभा को दबा देती है, और देश के नवोन्मेषी, आर्थिक और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हितों को कमजोर करती है।

केंद्र सरकार ने वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली इन समस्याओं का समाधान करने के लिए मेडटेक उत्पाद विकास की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए एक हैंडहोल्डिंग हाईवे बनाया है। सुशासन दिवस के अवसर पर (25 दिसंबर 2023), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने नीति आयोग और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय औषधि मानक और नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के साथ साझेदारी में मेडटेक मित्र पहल शुरू की।

आईसीएमआर के मेडिकल डिवाइस एंड डायग्नोस्टिक्स मिशन सचिवालय द्वारा आईसीएमआर वेबसाइट पर एक पोर्टल (https://medtechmitra.icmr.org.in/) चालू किया गया है। इसपर एक आवेदक इनोवेटर/स्टार्टअप उत्पाद और उसके विकास के चरण का ऑनलाइन विवरण भरकर मार्गदर्शन का अनुरोध करता है। आईसीएमआर-सीडीएससीओ टीम मामले की जांच करती है और आवश्यक मदद के लिए कठिनाई की पहचान कर व्यक्तिगत बातचीत करती है और विशिष्ट सुविधात्मक कदमों के लिए आवेदक की मदद करती है।

प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन एक बड़ी चुनौती हैं इसमें सहयोगी टीम और फंड की आवश्यकता होती है। मेडटेक मित्र टीम इनोवेटर्स को आईसीएमआर के प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल ट्रायल नेटवर्क और अन्य शोध संस्थानों के शोधकर्ताओं से जोड़ेगी। वैज्ञानिक समीक्षा प्रक्रिया द्वारा चयनित नवीन चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन करने वाले संस्थानों को फंडिंग की पेशकश की जाएगी।

भारत में निर्मित मेडटेक उत्पादों के विकास, सत्यापन, प्राधिकरण के इस राजमार्ग में अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), फार्मास्यूटिकल्स विभाग, अनुसंधान संस्थानों का इंटेंट नेटवर्क और कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ टेक्नोलॉजी और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के दो कार्यक्रम (भारत में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और दिशानिर्देश केंद्र) के मुख्य भागीदार हैं। इस पहल के लॉन्च के कुछ ही दिनों के अंदर, 80 से अधिक इन्नोवेटर्स मेडटेक मित्र से जुड़े हैं जो इस तरह की हैंडहोल्डिंग प्रणाली की आवश्यकता को दर्शाता है। भविष्य में इस प्रणाली की संभावनाएं बहुत अधिक हैं।

मेडटेक उद्योग एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसका मूल्य वर्तमान में 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, और 2030 तक 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है। भारत का नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से चमक रहा है। देश में 1 लाख (कुछ साल पहले के 500 की तुलना में) से अधिक स्टार्टअप हैं जिनमें से एक महत्वपूर्ण अनुपात चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित है।

भारत में डायग्नोस्टिक्स जैसे चिकित्सा उपकरणों की भारी मांग है, लेकिन हम उनमें से 80 प्रतिशत आयात करते हैं। स्वदेशी मेडटेक उत्पाद अक्सर निम्न स्तर की तकनीक वाले होते हैं। देश की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों और वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए भी हमे इसे बदलना होगा। चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का सुपर हब बनना भारत की नियति है। इसके लिए हमारे नवाचार और अनुसंधान एवं विकास प्रणाली को उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। और हमारे उद्योग को खुद को दुनिया भर में उच्च-स्तरीय और नवीन मेडटेक उत्पादों के आपूर्तिकर्ता के रूप में बदलना होगा।

सरकार ने हाल ही में मेडटेक सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। चिकित्सा उपकरण पार्क विकसित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति लॉन्च की गई है। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर एक राष्ट्रीय नीति जारी की गई। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक योजना (पीआरआईपी) भी हाल ही में शुरू की गई है ताकि फार्मा-मेडटेक उद्योग में वृद्धिशील नवाचार के पारंपरिक दृष्टिकोण से विघटनकारी नवाचार तक एक आदर्श बदलाव प्रदान किया जा सके।

मेडटेक मित्र पहल को प्रधानमंत्री के 'जय विज्ञान, जय अनुसंधान' और मेक-इन-इंडिया के आह्वान को मूर्त रूप देते हुए मेडटेक क्षेत्र के लिए नवाचार और अनुसंधान एवं विकास परिवेश को प्रेरित करने के उपरोक्त प्रयासों की निरंतरता के रूप में देखा जाना चाहिए। विकसित भारत की प्रगति में मेडटेक उत्पाद हमारे औद्योगिक पोर्टफोलियो का एक प्रमुख हिस्सा बनकर उभरेंगे।


मेडटेक मित्र एक पोर्टल नहीं है, बल्कि विशेषज्ञ सहायता, सुविधा, तकनीकी सहायता और नियामक मार्गदर्शन की एक पूरी प्रणाली है। सरकार मेडटेक मित्र विंडो तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों, इन्नोवेटर्स, स्टार्टअप और स्थापित कंपनियों को आमंत्रित करती है। हम इनोवेटर्स इनेबलर के मित्र को लगातार सीखने और सुधारने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मेडटेक मित्र में भारत के मेडटेक इनोवेशन इकोसिस्टम और मेक-इन-इंडिया मिशन के लिए गेम-चेंजर बनने की क्षमता है। यह मंच किफायती, स्वदेशी, उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरणों और निदान के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के भारत के प्रयासों को भी मजबूत करेगा।

**( डॉ. विनोद पॉल नीति आयोग के सदस्य हैं )**

# समंदर में सैन्य सफलताओं के कीर्तिमान

शेखर सिन्हा, सेवा, वाइस एडमिरल, नौसेना



यह एक कीर्तिमान की तरह है कि हमारी नौसेना 24 घंटे के भीतर दो जहाजों को समुद्री डाकुओं से सुरक्षित रिहा कराए। दोनों जहाजों पर ईरान के झंडे थे। दूसरे जहाज पर तो 19 पाकिस्तानी नागरिक भी सवार थे। हमने यह सफलता कूटनीति और बल-प्रयोग से हासिल की, जो बताता है कि समंदर में अब हम कितने सक्षम हो गए हैं।

हालांकि, समुद्र में भारतीय नौसेना कभी कमजोर नहीं रही है। 1971 की जंग भला कौन भूल सकेगा, जिसमें बांग्लादेश का निर्माण किया गया था। उस युद्ध में भारतीय नौसेना ने काफी उल्लेखनीय भूमिका निभाई थी। दरअसल, पाकिस्तान जब हमें लगातार परेशान करता रहा, तो जनरल मानेकशॉ के नेतृत्व में भारत की जल, थल और वायु सेना ने तय किया कि 3-4 दिसंबर की रात पाकिस्तान पर चौतरफा हमला किया जाएगा। यह माना गया कि अगर हम पूर्व में कुछ करेंगे, तो पाकिस्तान उसका बदला पश्चिम में लेगा, जो बाद में सही साबित भी हुआ। इसीलिए हमारी रणनीति बनी कि पाकिस्तान के सबसे बड़े बंदरगाह कराची को ध्वस्त कर दिया जाए, क्योंकि वहीं से उसकी नौसेना का संचालन होता था और वह उसका सबसे बड़ा व्यावसायिक बंदरगाह भी था। साथ ही, पूर्वी पाकिस्तान के बंदरगाह को भी नष्ट करने की योजना बनी, ताकि यहां उसके सैनिकों को घेर लिया जाए।

कराची पर हमले की दुश्वारियां थीं। हमारे मिसाइल बोट छोटे थे और वे ज्यादा देर तक समंदर में नहीं रह सकते थे। उन पर तैनात मिसाइलें एक नियत दूरी से ही कराची बंदरगाह को निशाना बना सकती थीं। लिहाजा, दोतरफा योजना बनी। चूंकि ये मिसाइल बोट बॉम्बे (अब मुंबई) में तैनात थे, तो बड़े जहाज उनको खींचकर कुछ दूर ले आएं, ताकि उनका तेल कम उपयोग हो। और, दूसरी योजना के तहत कुछ मिसाइल बोट को पोरबंदर ले आया जाए, जहां से ईंधन लेकर वे कराची की ओर कूच करें। 3-4 दिसंबर की रात हमारे चार मिसाइल बोट इसी योजना के तहत पोरबंदर और बॉम्बे से निकले। सभी पर चार-चार मिसाइलें थीं। ये सभी जब कराची से नियत दूरी पर पहुंचे, तो उन्होंने ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। यह सब इतनी तेजी से हुआ कि पाकिस्तान को सोचने का वक्त ही नहीं मिला। इससे कराची बंदरगाह पर मौजूद तेल के भंडार में आग लग गई और वहां मौजूद तमाम व्यावसायिक व जंगी पोत नष्ट हो गए। भारतीय नौसेना की इसी सफलता के कारण 4 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है।

उधर, पूर्वी तट पर विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को तैनात किया गया, जिस पर सी हॉक जैसे लड़ाकू विमान तैनात थे। जब देखा गया कि पूर्वी पाकिस्तान के बंदरगाहों पर हलचल तेज हो गई है, तो इस पोत पर तैनात विमानों ने वहां जमकर बमबारी की, जिससे पाकिस्तानी सैनिकों को हौसला टूट गया। वे या तो यहां से भाग निकले या उनकी जरूरतों को पूरा करने पश्चिमी पाकिस्तान से कोई मदद न आ सकी। इसने पाकिस्तानी कमांडर और 93,000 सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया। हालांकि, इससे पहले की एक घटना काफी दिलचस्प है। पाकिस्तान ने अपनी पनडुब्बी गाजी को पूर्वी तट पर तैनात किया था, ताकि वह विक्रांत को डुबो सके। मगर गाजी को छकाने के लिए भारतीय नौसेना ने आईएनएस राजपूत का इस्तेमाल किया, जो समंदर में सुरक्षा-कार्यों में तैनात था। वह संचार माध्यमों से इस तरह जवाब देता रहा, मानो वही विक्रांत हो। इस कारण गाजी विशाखापट्टनम के आसपास ही भटकता रहा, और बाद में हमारे सैनिकों द्वारा नष्ट कर दिया गया।

यहां एक और घटना का जिक्र जरूरी है। पश्चिमी तट पर हमारा युद्धपोत आईएनएस खुखरी पाकिस्तानी हमले का शिकार हो गया। इस जहाज के कप्तान महेंद्र नाथ मुल्ला अपने सैनिकों का साथ छोड़ने को तैयार नहीं हुए और वीरगति को प्राप्त हुए। नेतृत्व की इस भूमिका के लिए उनको मरणोपरांत महावीर चक्र से भी सम्मानित किया गया। वास्तव में, नेतृत्व की यह भूमिका भारतीय नौसैनिकों के खून में है। हमारे जहाज विशाल समंदर में अनवरत नेतृत्व की भूमिका में होते हैं। इसकी तस्दीक वहां के घटनाक्रमों से भी होती है।

समुद्र में भारतीय नौसेना दो तरह के खतरों का सामना करती है। एक, जब दुश्मन देश से लड़ाई हो, यानी पारंपरिक चुनौती। और दूसरा, शांति-काल के समय समुद्री डाकुओं, मानव व्यापार करने वालों, तस्करों आदि से मिलने वाली चुनौतियों का। आपदा प्रबंधन के कामों में तो हम काफी आगे माने जाते हैं। यह सब अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत किया जाता है। हिंद महासागर में ही हम सभी जहाजों की सुरक्षित आवाजाही में इसलिए मदद करना अपना दायित्व व कर्तव्य मानते हैं, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के तहत निर्बाध आवाजाही का हक सभी जहाजों को हासिल है। हम 2008 से लाल सागर में मौजूद हैं। भारतीय नौसेना इसलिए भी यहां नेतृत्व की भूमिका में होती है, क्योंकि हिंद महासागर के देशों में हम सबसे ताकतवर हैं। अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देश तो यहां बाहरी माने जाते हैं। हां, अब चूंकि भू-राजनीतिक बदलाव के कारण शांतिकाल की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं, इसलिए हमेशा मददगार रही भारतीय नौसेना की भूमिका भी व्यापक होती जा रही है।

भारतीय नौसेना कूटनीतिक भूमिका भी खूब निभाती है। जिस देश से हमारे संबंध हैं, हम उनके साथ समुद्री सुरक्षा संबंधी समझौता करते हैं। इसके तहत द्विपक्षीय अभ्यास भी किए जाते हैं, ताकि एक-दूसरे को समझ सकें और वक्त आने पर एक-दूसरे की मदद कर सकें। इसीलिए लाल सागर में अमेरिका और ब्रिटेन के युद्धपोत मुस्तैद रहते हैं, और जब व्यावसायिक जहाज यहां से आगे बढ़ते हैं, तो भारतीय नौसेना उनकी सुरक्षा करती है। हम समंदर में विशेष अभियान भी चलाते हैं। हमारे कमांडर काफी दक्ष माने जाते हैं। हमने कई खुफिया अभियानों को भी अंजाम दिया है।

वास्तव में, 3,000 किलोमीटर तक फैले हिंद महासागर में कोई एक देश सबको सुरक्षा नहीं दे सकता। चूंकि यहां से हर साल करीब 1.9 लाख व्यावसायिक जहाज गुजरते हैं, इसलिए यहां की चुनौतियों से पार पाने के लिए तमाम देश एक साथ आते हैं। अच्छी बात है कि भारतीय नौसेना की भूमिका लगातार व्यापक होती जा रही है। इससे हम स्वाभाविक ही उन शक्तिशाली देशों की कतार में खड़े हो जाते हैं, जो अपनी सुरक्षा के साथ-साथ अन्य देशों की रक्षा में भी मुस्तैद हैं। यह समंदर में हमारे बढ़ते ओहदे का संकेत है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# अपने-अपने दृढ़ विचारों के दौर में दोस्ती पर खतरे

मनु जोसेफ, पत्रकार और उपन्यासकार

मैं ऐसे लोगों से दोस्ती करता था, जिनके पास कोई नैतिक सलाह हुआ करती थी, लेकिन जब से उन्होंने मेरे लेख पढ़ने शुरू किए हैं, मैंने उनमें से कई दोस्तों को खो दिया है। मैं अभी भी कुछ ऐसे लोगों को जानता हूं, जो अपने कुछ दोस्तों से छुटकारा पाने के बारे में सोच रहे हैं। यह परखने का समय ही ऐसा है।

पिछले सप्ताह मेरी एक दोस्त अयोध्या में थीं। वहां नए मंदिर के उत्साह में वह बही नहीं, लेकिन उसने सोशल मीडिया पर अपने अनेक दोस्तों को बड़ी खुशी का इजहार करते देखा। वह सोच में पड़ गई कि क्या वह अब अपने इन दोस्तों से पहले की तरह लगाव रख सकेगी? वह सोचने लगीं कि बदलते दौर में ऐसे दोस्तों के प्रति सच्चा कैसे बने रहा जाए?

आखिर क्या हो रहा है? लोग उन दोस्तों को खो रहे हैं, जिन्हें वे दशकों से प्यार करते थे। वे उन्हें सोच या विचार की वजह से खो रहे हैं। पहले बहुत कम लोगों के पास कोई विचारधारा हुआ करती थी। दरअसल, पहले केवल बुजुर्गों के पास ही विचारधारा होती थी। अब कोई न कोई विचारधारा हमारी पूरी मानव जाति-प्रजाति के स्वभाव में शामिल हो गई है। लोग अब आगे बढ़कर आपसे विचार या विचारधारा पूछने लगे हैं, और ऐसा लगता है कि अब कोई भी अपनी विचारधारा को छिपा नहीं सकता। परिणामस्वरूप, पूरे देश में, विशेषकर शिक्षित मध्यम वर्ग में लोग अब अपने पुराने दोस्तों से हाथ धोने लगे हैं।

एक समय हम लोगों को सिर्फ इस बात के लिए नापसंद करते थे कि उन्होंने हमारे साथ कुछ बुरा किया; पर अब लोग अपने करीबी लोगों को भी उनकी सोच की वजह से नापसंद करने लगे हैं। जब मैंने अपनी दोस्त से यही बात कही, तो वह बोलीं, हो सकता है कि अब तुम मुझसे भी अपनी नजरें फेर लोगे, लेकिन मैं एक महिला होने के नाते ऐसा सोचती हूं। हमें या कम से कम मुझे, हमेशा यह जानने की जरूरत है कि जिस व्यक्ति से मैं बात कर रही हूं, वह क्या सोच रखता है? आखिर किसी व्यक्ति को उसके विचार से अलग करके कैसे देखा जा सकता है?

वाकई, अब अनेक चीजें बहुत तेजी से बदली हैं। अब हर कोई एक लेखक की तरह व्यवहार कर सकता है, जिससे महानगरीय मित्रता में भी उथल-पुथल मच गई है। आप महसूस कर सकते हैं कि मित्रताएं घट गई हैं। हालांकि, एक नई पीढ़ी भी उभरी है, जो दोस्तों के अलग-अलग खुशनुमा समूहों में मस्त है, पर ये ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अभी तक गंभीरता से अखबार पढ़ना शुरू नहीं किया है। ये जब राजनीति में कुछ खोजना शुरू करेंगे, तब इनकी दोस्ती में भी गांठ पड़ने लगेगी।

जो लोग खुद को उदारवादी मानते हैं, उनकी उन लोगों से पुरानी दोस्ती टूटने की आशंका ज्यादा है, जो धुर दक्षिणपंथी, बहुत धार्मिक, बहुत रूढ़िवादी या बहुत राष्ट्रवादी किस्म के हैं। यह हमारे समय का एक आश्चर्य है कि जानने योग्य दुनिया का ज्यादातर हिस्सा दक्षिणपंथी हो गया है। मेरी दोस्त के अनुसार, लंबे समय तक उन्हें लगता था कि किसी दक्षिणपंथी के साथ उनका लगाव नहीं हुआ, लेकिन यह सच नहीं है। देखा जाए, तो अधिकांश पुरुषों में दक्षिणपंथ की छाया होती है। वे महिलाओं को विशेष ढंग से देखते-समझते हैं। हो सकता है कि देखने-समझने की ऐसी ही दृष्टि महिलाओं में भी हो। आज किसी के लिए भी यह कहना आसान नहीं कि वह दक्षिणपंथी लोगों के साथ नहीं है, लेकिन क्या दोस्ती केवल एक राय से बर्बाद हो सकती है? ध्यान रहे, पति-पत्नी बहुत ही व्यक्तिगत रूप से एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं, पर इसके पीछे स्त्री-पुरुष के सोचने का अलग बुनियादी ढंग ही ज्यादा जिम्मेदार है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair



DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी




JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### सीआरपीएफ के जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या मासनिक रूप से था परेशान

**जगदलपुर।** सीआरपीएफ150 बटालियन के जवान ने मानसिक तनाव के चलते अपने साथी की सर्विस बंदूक से खुद को गोली मार ली। घटना की जानकारी लगते ही अन्य जवान घायल को पास के अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर लगते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के मुताबिक, मृतक जवान दोरनापाल के 150 बटालियन में कई महीनों से केवल कैम्प में ही ड्यूटी कर रहा था, मंगलवार को अचानक जवान ने अपने साथी जवान के बंदूक को उठाकर अपने आप को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर अन्य साथी जवान भी घटनास्थल में आ पहुंचे और जवान को जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कैम्प के अन्य जवानों ने बताया कि मृतक जवान कई दिनों से मानसिक तनाव में था, किसी से ज्यादा बात भी नही कर रहा था। यह पहला मामला नहीं है जब किसी जवान ने खुद को गोली मारी हो। इससे पहले भी कई जवानों ने इसी तरह आत्महत्या कर अपनी जिंदगी समाप्त कर ली। फिलहाल जवान के शव को जिला अस्पताल में रखा गया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को गृहग्राम भेजा जाएगा।

### कुष्ठ जन जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

**रायगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नगर पंचायत पुसौर में अध्यक्ष नगर पंचायत पुसौर रितेश थवाईत के द्वारा महात्मा गांधी चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर कुष्ठ जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। कुष्ठ जनजागरूकता अभियान पखवाड़ा 13 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर कुष्ठ चिकित्सा सहायक एम.एम.पटनायक द्वारा समस्त ग्रामवासियों को समाज में फैले कुष्ठ के प्रति भ्रांतियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इसे दूर करते हुए जनमानस को समाज में छिपे कुष्ठ मरीजों की जांच खोज में सहयोग कर एक कुष्ठ मुक्त समाज निर्माण में करने हेतु अपील की। खण्ड चिकित्सा अधिकारी चंद्रवंशी इस कार्य में सहयोग की अपील की ताकि विकासखण्ड पुसौर को कुष्ठ मुक्त किया जा सके। इस अवसर पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर समाज सेवी दधिवामान साव, किशोर कसेर, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पुसौर, मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष, घनश्याम पटेल एवं अन्य पार्षदगण, डॉ.विनोद नायक, शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ.दिनेश कुमार नायक, चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के स्टॉफ उपस्थित रहे।

# किसानों के हित में बड़ा फैसला, अब 4 फरवरी तक होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

- राज्य में बंपर धान खरीदी के बावजूद बढ़ाई तिथि
- शनिवार एवं रविवार को भी होगी धान खरीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि को 4 दिन और बढ़ा दिया है। किसानों से अब 4 फरवरी रविवार तक धान की खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में रिकार्ड धान खरीदी के बावजूद किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए यह संवेदनशील फैसला लिया है।

गौरतलब है कि राज्य में चालू खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है। धान खरीदी के लिए मात्र एक दिन और शेष है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने धान बेचने से शेष रह गये किसान भी आसानी से अपना धान बेच सकें, इसको ध्यान में रखते हुए धान खरीदी 4 फरवरी तक किए जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य में शनिवार 03 फरवरी एवं रविवार 04 फरवरी को भी उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सामान्य दिनों की तरह करने को कहा है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि विपणन वर्ष में धान खरीदी के लिए निर्धारित अवधि में प्रत्येक शनिवार को उपार्जन केन्द्रों में लेखा मिलान और रविवार को सामान्य अवकाश के कारण खरीदी बंद रहती है। ऐसा पहली बार होगा कि 03 फरवरी शनिवार और 04 फरवरी रविवार को भी किसान उपार्जन केन्द्रों में अपना धान बेच सकेंगे। राज्य के किसान प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि किसानों के हित में मुख्यमंत्री श्री साय का यह संवेदनशील निर्णय है।

चालू खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राज्य में 30 जनवरी तक 138.78 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में उन्हें 28 हजार 708 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है।

# अम्बिकापुर को मेडिकल हब के रूप में विकसित किया जाएगा : स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

- मेडिकल कॉलेज में सभी जरूरी व्यवस्था के संबंध में ली समीक्षा बैठक
- कहा - मेडिकल कॉलेज में शेष कार्यों को पूर्ण करने के लिए मिलेगा अतिरिक्त बजट
- मेडिकल कॉलेज में एमआरआई की सुविधा जल्द प्रारंभ करने के निर्देश

श्रीकंचपथ न्यूज



**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि जिला मुख्यालय अंबिकापुर को मेडिकल हब के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर वहां जल्द ही एमआरआई मशीन स्थापित करने के निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज के डीन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उन्होंने वहां अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली और आवश्यक निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में जायसवाल ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में एमआरआई की सुविधा के लिए 10.24 करोड़ की राशि स्वीकृत कर दी गई है। साथ ही मेडिकल कॉलेज में प्राध्यापकों की पदस्थापना और अन्य कार्यों को पूर्ण करने के लिए लगभग 110 करोड़ रूपए का अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने जिला चिकित्सालय परिसर में बनाए गए मातृ-शिशु स्वास्थ्य अस्पताल का निरीक्षण किया और महिलाओं से सीधे चर्चा कर अस्पताल में मिल रही सुविधाओं पर भी फीडबैक लिया। चिकित्सकों को लोगों के इलाज के दौरान संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, कलेक्टर विलास भोस्कर, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. रमणेश मूर्ति, वरिष्ठ अधिकारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी से नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ने की भेंट, भविष्य की योजनाओं पर हुई चर्चा



- नाबार्ड के वार्षिक स्टेट फोकस पेपर रिलीज के लिए किया आमंत्रित

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी से शंकर नगर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ ज्ञानेंद्र मणि ने सौजन्य मुलाकात की। डॉ. मणि ने वित्त मंत्री से चर्चा करते हुए उन्हें राज्य में नाबार्ड के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। नाबार्ड की तरफ से श्री चौधरी को 2024-25 के स्टेट फोकस पेपर रिलीज के लिए आमंत्रित किया गया। डॉ मणि ने जानकारी देते हुए कहा की नाबार्ड पहले जिला और फिर राज्य का क्रेडिट पोटेंशियल बताता है। इससे कृषि, लघु एवं मध्यम उद्योग समेत अन्य प्रायोरिटी सेक्टर के प्रयोजनों के लिए राज्य को नाबार्ड से ऋण मिलने में मदद मिलती है।

वित्त मंत्री चौधरी ने नाबार्ड के अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि वो विकसित भारत के संबंध में एक विस्तृत योजना बनाएं तथा उन्नत कृषि के लिए प्रत्येक जिले की ग्राउंड लेवल प्लानिंग करे ताकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो सके और युवाओं का कृषि के प्रति रुझान बढ़े ।

# कब तक धरती होती रहेगी लाल, कैसे होगा नक्सलियों के साथ समझौता!

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लाल आतंक का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार जवानों और नक्सलियों को लेकर इन इलाकों पर मुठभेड़ जैसी घटनाए सामने आती रहती है। सरकार जो भी आती है बातचीत करके मसला हल करने की मुहीम होती है लेकिन नक्सलियों के न इरादे बदलते हैं न ही नक्सलगढ़ के इस क्षेत्र में गोलियों की आवाज थमने का नाम लेती है। जवानों, आदिवासियों और नक्सलियों के खून से छत्तीसगढ़ के बस्तर की धरती हर रोज लाल होती रहती है।



### कब थमेगा लाल आतंक का खेल

नक्सलियों की लड़ाई और बस्तर में यह खूनी जंग कब थमेगी यह तो कोई नहीं तय कर सकता है। हर बार सरकार नक्सलियों से चर्चा कर हथियार डालने और इस लड़ाई को खत्म करने की बात करते हैं। लेकिन न तो नक्सली बंदूक रखते हैं न ही अपनी संपूर्ण मांग पर का चिट्ठा सरकार को देते हैं। लगातार नक्सलियों के आत्मसमर्पण को लेकर सराकर के मुहीम के साथ कुछ आते जरूर है लेकिन माओवाद के इस गढ़ में गोलियों की आवाज और बम का धमाके की झनझनाहट नही रुकती है। नक्सलियों की मांगों को लेकर कई तरह की बाते सामने आती है कि क्या नक्सली ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में हो रहे विकास के खिलाफ हैं, या फिर नक्सली अच्छी शिक्षा का विरोध कर रहे है। खैर सभी के अलग-अलग तरह के तर्क है। लेकिन जमीनी हकीकत में वर्तमान में आखिर किन मुद्दों पर माओवाद फल-फूल रहा है इस बात की सच्चाई शायद कोई नहीं जानता है।

### बीते मंगलवार को नक्सलियों कैंप में किया अटैक

छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा जिले की सीमा से सटे टेकुलगुडम गांव में पुलिस कैंप के विरोध करते हुए नक्सली के द्वारा बड़ी संख्या में सर्चिंग पर निकल जवानों पर गोलीबारी कर दी। इस मुठभेड़ में 3 जवान शहीद हो गए और 14 घायल है। वहीं इससे पहले इसी कैंप में साल 2021 में हमला हुआ था। उस वक्त नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 20 से ज्यादा जवान शहीद हो गए थे।


## जिला अस्पताल ने रचा नया कीर्तिमान, 24 घण्टे में हुई सफल 38 डिलीवरी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में 27 जनवरी 2024 को स्त्री रोग विभाग में कुल 23 सिजेरियन प्रसव (सीजर डिलीवरी) एवं 15 नार्मल डिलीवरी की गई है। इस प्रकार एक दिवस (24 घण्टे में) कुल 38 डिलीवरी कराई गई है। जिला चिकित्सालय दुर्ग में डिलीवरी की संख्या अब मेडिकल कॉलेज स्तर के डिलीवरी की संख्या के समकक्ष है तथा अत्यधिक डिलीवरी से यह प्रदर्शित होता है कि लोग जिला चिकित्सालय दुर्ग के स्त्री रोग विभाग के सेवाओं से संतृष्ट है।

सिविल सर्जन डॉ ए.के. साहू से मिली जानकारी के अनुसार 23 सिजेरियन डिलीवरी कराने में डॉ स्मिता सिन्हा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ बसंत चौरसिया नि:श्चेतना विशेषज्ञ एवं उनकी टीम एवं स्टॉफ नर्स बिन्दू, रजनी एवं श्रीमती यशोदा तथा नार्मल प्रसव हेतु लेबर कक्ष में कार्यरत चिकित्सक एवं स्टॉफ नर्स, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की अहम भूमिका रहीं।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर...

## अब तक 138.78 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी, किसानों को 28 हजार 708 करोड़ रूपए का भुगतान

कस्टम मीलिंग के लिए 92.38 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का ग्राफ प्रतिदिन ऊपर चढ़ता जा रहा है। राज्य में अब तक 138.78 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है।

गौरतलब है कि राज्य में इस साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का परिपालन सुनिश्चित करते हुए किसानों से प्रति एकड़ के मान से 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। किसानों से चालू विपणन वर्ष में 30 जनवरी तक 138.78 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी के एवज में उन्हें 28 हजार 708 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 24 लाख 18 हजार 694 किसान धान बेच चुके हैं। उल्लेखनीय है कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने के राज्य में 26 लाख 85 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग भी समांतर रूप से जारी है। मिलर्स द्वारा खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव लगातार किया जा रहा है। अब तक 102 लाख 37 हजार 525 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 92 लाख 38 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

## सहायक शिक्षक पद की ऑनलाइन कार्उसिलिंग 01 से 03 फरवरी तक

**रायपुर।** शिक्षक सीधी भर्ती 2023 में सहायक शिक्षक पद हेतु अभ्यर्थियों की तृतीय चरण की ऑनलाईन काउंसिलिंग 01 फरवरी दोपहर 12 बजे से 03 फरवरी संध्या 05 बजे तक स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट https://edu-portal.cg.nic.in/ में प्रारंभ की जा रही है। उक्त काउंसिलिंग में व्यापम की परीक्षा परिणाम के अनुसार सहायक शिक्षक पद के कटऑफ रैंक की विस्तृत जानकारी विभाग के पोर्टल https://edu-portal.cg.nic.in/ पर देखी जा सकती है। शालाओं के आबंटन पश्चात् अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन आबंटित जिला के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया जायेगा। अभ्यर्थी समस्त आवश्यक मूल अभिलेखों सहित निर्धारित समयावधि में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करेगें। दस्तावेज सत्यापन तिथि की सूचना अभ्यर्थियों के लागिन आई.डी. तथा पंजीकृत मोबाईल नंबर पर पृथक से प्रदान की जायेगी।

# आरंग को अब राजा मोरध्वज नगर के नाम से मिलेगी नई पहचानः मंत्री बृजमोहन अग्रवाल

- आस-पास के पुरातत्व धरोहर को सहेजने आरंग में 25 लाख रुपए की लागत से बनेगा संग्रहालय
- राजा मोरध्वज महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए हर वर्ष मिलेगी 5 लाख रुपए की राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजा मोरध्वज महोत्सव के समापन अवसर पर घोषणा की कि आरंग को अब राजा मोरध्वज नगर के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि आरंग और आस-पास के क्षेत्रों में बिखरे पुरातात्विक अवशेषों को सहेजने के लिए 25 लाख रुपए की लागत से आरंग में संग्रहालय बनाया जाएगा। उन्होंने राजा मोरध्वज महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए प्रत्येक वर्ष 5 लाख रुपए देने की भी घोषणा की।

संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि राजा मोरध्वज का जीवन हमें बहुत कुछ सबक देता है। अगर हम धर्म के रास्ते पर चलेंगे और वादों के पक्के रहेंगे तो भगवान भी हमारा साथ देंगे। उन्होंने कहा कि राजा मोरध्वज एक न्यायप्रिय और धर्मपरायण राजा थे। जिन्होंने अपना वचन निभाने के लिए अपने बेटे को आरी से कटवा दिया था, जिसके कारण इस शहर को आरंग नाम मिला।

समापन अवसर पर स्थानीय कलाकारों ने नाटक का मंचन कर राजा मोरध्वज और भगवान कृष्ण के संवाद को जीवंत किया जिसने सभी का दिल जीत लिया। महोत्सव का आयोजन विधायक गुरु खुशवंत साहेब के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में विधायक अनुज शर्मा, कृष्ण कुमार भारद्वाज, राजेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मी वर्मा, नारंग, किरण, पर्यटन विभाग के अधिकारी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



## कमिश्नर, अधिकारी-कर्मचारियों ने दी आजादी के शहीदों को श्रद्धांजलि

**रायपुर।** राष्ट्रपति महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर संभागायुक्त कार्यालय में कमिश्नर डॉ. संजय अलंग ने आजादी के संघर्ष के शहीदों को भाव-भीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संभागायुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहें। सभी ने भारत की आजादी के वीरों के सम्मान में दो मिनट का मौन रख उन्हें नमन किया। डॉ. अलंग ने राष्ट्रपति महात्मा गांधी के विचारों और सिद्धांतों को अपनाने की सीख दी। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से जनहित में कार्य करने तथा जनता के समस्त कार्यों को सरलता-सहजता से समय-सीमा में करने की अपील की।

# शिक्षा में डिग्री के साथ-साथ नैतिक, व्यवहारिक तथा खेल शिक्षा भी जरूरीः खेल मंत्री टंकराम वर्मा

### रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 'आरोहण-2024' के दूसरे दिन शामिल हुए खेल मंत्री

- गायन, डांस आदि प्रतियोगिता के साथ 4000 प्रतिभागी विभिन्न खेल में लेंगे हिस्सा
- खेल में हार, कमियों को पूरा करने का अवसर देता हैः वर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** खेल मंत्री टंकराम वर्मा आज रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'आरोहण-2024' के दूसरे दिन शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है। शिक्षा में डिग्री लेने के साथ-साथ नैतिक,व्यवहारिक तथा खेल शिक्षा भी जरूरी है।

उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत कीजिये बिना वक्त देखकर, वक्त भी इंतजार करेगा मेहनत देखकर। खेल केवल जीत या हार के लिए जरूरी नही है, अपितु खेलना जरूरी है। पढ़ाई के साथ ही खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां भी विद्यार्थी जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं। खेलकूद से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। खेल से हमें सीख मिलती है कि हार भी जरूरी है, हार से हमें अपनी कमियों को पूरा करने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसम्पर्क विभाग के स्टूडियो का शुभारंभ किया। खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विजयी प्रतिभागियों को पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

ज्ञात हो कि सात दिनों तक चलने वाले 'आरोहण-2024' में देश भर से करीब 4000 प्रतिभागी तीरंदाजी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के साथ ही गायन डांस आदि कंपटीशन में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस.के. सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उनके परिजन शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्मार्ट लाइब्रेरी की सुविधा बहुत जल्द, पंजीयन 1 फरवरी से शुरू

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज नालंदा प्रबंधन सोसायटी के कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की बैठक लेकर कहा है कि मोतीबाग में निर्माणाधीन स्मार्ट रीडिंग रूम की सदस्यता के लिए आवेदन प्रक्रिया 01 फरवरी 2024 से प्रारंभ किया जायेगा।

जो प्रतिभागी स्मार्ट रीडिंग रूम मोतीबाग में सदस्यता चाहते हैं वे नालंदा परिसर लाइब्रेरी एवं सेंट्रल लाइब्रेरी रायपुर से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। नवनिर्मित लाइब्रेरी का संचालन जल्द ही शुरू होगा एवं पहले आओ पहले पाओ के आधार पर विद्यार्थियों का पंजीयन किया जाएगा। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप तथा कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

मोतीबाग के समीप स्मार्ट सिटी द्वारा स्मार्ट रीडिंग रूम बनाया जा रहा है जो युवाओं के लिये यथाशीघ्र प्रारंभ होगा। यह लाइब्रेरी भी नालंदा परिसर लाइब्रेरी जैसे 24X7 संचालित होगी। जी प्लस टू में निर्माणाधीन इस लाइब्रेरी में 600 युवाओं के लिये एक साथ बैठने की व्यवस्था है। पूर्णतः वातानुकूलित इस लाइब्रेरी में कम्प्यूटर सिस्टम, प्रतियोगी परीक्षा संबंधी किताबें, फ्री-वाई फाई के साथ-साथ अत्याधुनिक सिक्योरिटी सिस्टम सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर पुस्तक दान महादान की भी हुई शुरुआत, उपयोगी पुस्तक दान करने वाले दानदाताओं को मिलेगा प्रशस्ति पत्र डॉ. गौरव कुमार सिंह कलेक्टर सह अध्यक्ष नालंदा परिसर प्रबंधन सोसायटी की अध्यक्षता में सोसायटी के कार्यकारिणी समिति की 30 जनवरी की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जो गणमान्य नागरिक युवाओं के लिये उपयोगी प्रतियोगी परीक्षाओं एवं साहित्यिक पुस्तकें दान करना चाहते हैं।

# स्कूल शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने की घोषणाः जेएन पाण्डेय स्कूल के नवीनीकरण के लिए मिलेगी 5 करोड़ रुपए की राशि

- भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मान समारोह में हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आज प्रो जे एन पाण्डेय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक स्कूल के भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने स्कूल के नवीनीकरण के लिए 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा की।

उच्च शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में प्रतियोगिता काफी कठिन हो गई है ऐसे में बच्चों को पहले से ही अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसी के अनुसार कड़ी मेहनत करनी चाहिए। पढ़ाई के अलावा खेल-कूद और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बच्चों को ध्यान देना चाहिए, जिससे उनका व्यक्तित्व और निखर सके। उनके व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास हो सके।

श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान दौर आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है ऐसे में बच्चों में इन्नोवेटिव और क्रिएटिव सोच सोच पैदा करने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। समय की जरूरत के अनुसार शिक्षकों को हर समय अपडेट रहना चाहिए। कार्यक्रम में आईजी, सीआईडी डॉ संजीव शुक्ला, प्रधान मुख्य वन संरक्षक तपेश कुमार झा, प्राचार्य मोहनराव सावंत, विद्यार्थी, परिजन, शिक्षक और प्रबुद्धजन शामिल हुए।

स्कूल शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने स्कूल के भूतपूर्व विद्यार्थियों से अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस स्कूल के भूतपूर्व छात्रों में चार मुख्यमंत्री के साथ ही हजारों आईएएस, आईपीएस, न्यायधीश रह चुके हैं। इस मौके पर उन्होंने अपने छात्र जीवन की याद ताजा की। उन्होंने बताया कि जब वे इस स्कूल के विद्यार्थी थे तब वे बड़े शरारती थे और शिक्षकों को उपनाम देते थे। जब एक शिक्षक ने एक बच्चे को ठीक से पढ़ाई नहीं करने पर फेल कर दिया था तब उन्होंने छात्रों के साथ मिलकर आंदोलन किया और यही से उनका राजनीतिक सफर की शुरूआत हुई।

# छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना के तहत 211 स्कूल संचालित



- स्कूल शिक्षा सचिव ने पीएम योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना के तहत संचालित किए जा रहे 211 स्कूलों के लिए बजट की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम श्री योजना राज्य सरकार की उच्च प्राथमिकता में शामिल है। पीएम श्री योजना के लिए चयनित शालाओं में सभी जरूरी इंतजाम किए जाएं। भवन निर्माण के लिए जिला स्तर पर निर्माण एजेंसी निर्धारित कर निर्माण एजेंसियों को राशि हस्तांतरित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को इन स्कूलों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राईजिंग इंडिया) योजना के तहत चयनित स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा, जिसके तहत स्मार्ट क्लास, पुस्तकालए, खेल उपकरण, प्रयोगशाला आदि सुविधाएं विकसित की जाएगी। छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना के तहत 211 स्कूलों का चयन किया गया है। इनमें प्रारंभिक स्तर पर 193, सेकेण्डरी और हायर सेकेण्डरी स्तर पर 18 शालाएं शामिल हैं। ये स्कूल आस-पास के स्कूलों में मेंटरशिप भी प्रदान करेंगे।

स्कूल शिक्षा सचिव श्री परदेशी ने कहा कि पीएम श्री योजना के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु 15 दिनों के भीतर आवश्यक राशि जारी करें और एक सप्ताह के भीतर प्राचार्यों की बैठक कर प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मिशन समन्वयक आपसी सामंजस्य बनाकर काम करें। आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता देते हुए सभी स्कूलों का स्वयं मॉनिटरिंग करें। उन्होंने बालवाड़ी में अध्यापन कर रहे शिक्षकों के मानदेय तत्काल भुगतान किए जाने के निर्देश भी दिए।

स्कूल शिक्षा सचिव श्री परदेशी ने कहा कि पीएम श्री योजना के तहत शुरू किए गए स्कूलों में वेंडिंग मशीन, सेनेटरी पैड, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, किशोरावस्था के कार्यक्रम, कैरियर काउंसलिंग, वार्षिक शाला अनुदान, ग्रीन स्कूल, स्पोर्टस, योग, खेल शिक्षक प्रशिक्षण, सोशल एजुकेटर, समावेशी शिक्षा जैसी गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# स्वस्थ और खुशहाल रहने में मदद करती हैं यह आदतें, अपनी सुबह में करें शामिल



सुबह हमारे पूरे दिन के लिए दिशा तय करती है। जागने के बाद हम पहले कुछ घंटे कैसे बिताते हैं, इसका हमारी मानसिकता, उत्पादकता और पूरे दिन की खुशी पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। अधिकांश लोगों की सुबह की दिनचर्या में जल्दी से स्नान करना, कॉफी पीना और मोबाइल चलाना शामिल होता है। अपनी नियमित सुबह की आदतों में सकारात्मक बदलाव करने से आपका जीवन बदल सकता है। इन सुबह की टिप्स को जरूर अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

### सुबह जल्दी उठना

सुबह जल्दी उठना आपको हड़बड़ाहट की बजाय धीरे-धीरे दिनचर्या शुरू करने का मौका देता है। एक अच्छे दिन के लिए सुबह करीब 5-6 बजे तक जाग जाएं। जल्दी उठने वालों के पास व्यस्त दिन शुरू होने से पहले ध्यान, व्यायाम और जर्नलिंग के लिए समय होता है। घबराहट में अलार्म बजने पर जागने के बजाय जब आप खुद को एक अतिरिक्त घंटा देते हैं तो आप धीरे-धीरे और सचेत होकर जाग सकते हैं।

### गरम नींबू पानी पिएं

सुबह उठते ही सबसे पहले गर्म नींबू पानी पीने से आपका शरीर हाइड्रेट होता है। साथ ही आपका मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, पाचन में मदद मिलती है और आपके शरीर से विषैले पदार्थ बाहर निकलते हैं। नींबू विटामिन-सी, पोटैशियम, विटामिन-बी, फ्लेवोनोइड्स और एंटीऑक्सीडेंट का एक समृद्ध स्रोत है। जब आप नींबू के रस के लाभों को गर्म पानी के साथ मिलाते हैं तो यह आपकी सुबह की शुरुआत करने के लिए एक बढ़िया विकल्प बन जाता है।

### चेहरा ठंडे पानी से धुलें

सुबह उठ कर अपना चेहरा ठंडे पानी से धुलें। अपने चेहरे पर ठंडे या गुनगुने पानी के छींटे मारने से थकी हुई आखों को ताजगी मिल सकती है। अपनी इंद्रियों को हल्का-सा जगाने के लिए हल्के हाथों से चेहरे को धोने का प्रयास करें। यदि आप अपनी त्वचा के सूखने से चिंतित हैं तो बेझिझक क्लींजर का प्रयोग करें। इससे आपका चेहरा भी नम और साफ हो जाएगा, साथ ही आपको ताजगी भी मिलेगी।

### पौष्टिक नाश्ता करें

अपने दिन की शुरुआत संतुलित प्रोटीन से भरपूर नाश्ते से करें। इससे सिर्फ आपका पेट ही नहीं भरता बल्कि यह आपको ऊर्जावान भी बनाता है। यह दिन के लिए ऊर्जा भी प्रदान करता है। नाश्ता आपके दिन को एक संतोषजनक शुरुआत दे सकता है। आप साबुत अनाज, साबुत फल और सब्जियां और अंडे या सादे दही जैसी प्रोटीन सामग्री चुन सकते हैं।भारतीय विकल्पों में आप पोहा, इडली, आलू-परांठा और ढोकला आदि का सेवन कर सकते हैं।

### ध्यान लगाएं

सुबह सबसे पहले ध्यान करने के लिए 5-10 मिनट का समय निकालें। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को अविश्वसनीय रूप से लाभ पहुंचा सकता है। ध्यान का अर्थ है चुपचाप बैठना, अपनी इन्द्रियों को केंद्रित करना और विचारों में फंसे बिना खुद में जागरूकता लाना। प्रतिदिन कुछ मिनटों के लिए इस सरल माइंड फुलनेस अभ्यास को करने से एक शांतिपूर्ण दिन की नींव स्थापित होती है। इससे आप मानसिक तनाव से लड़ सकेंगे और दिनभर शांत महसूस करेंगे।

## मौनी रॉय ने फिर बढ़ाया इंटरनेट का पारा, शॉर्ट ड्रेस में फ्लॉन्ट किया बोल्ड फिगर



टीवी से लेकर बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखा चुकी मौनी रॉय अपने स्टाइलिश और फैशनेबल अवतार के लिए जानी जाती हैं। इंटरनेट पर मौनी का अक्सर ग्लैमरस लुक वायरल रहता है। एक बार फिर मौनी रॉय अपने स्टाइलिश अवतार से इंटरनेट पर कहर ढा रही है। मौनी रॉय के स्टाइलिश लुक की बात करें तो मौनी रॉय ब्लैक और व्हाइट ड्रेस में बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। डीप नेकलाइन ड्रेस में मौनी रॉय अपना फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। इंटरनेट पर उनके इस अवतार को काफी पसंद किया जा रहा है। मौनी ने ने अपना लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

मौनी रॉय ने अपने इस लुक को खास बनाने के लिए लाइट मेकअप कैरी किया हुआ है। लाइट शेड लिपस्टिक में मौनी रॉय बेहद स्टनिंग लग रही हैं। सोशल मीडिया पर मौनी के फैंस उनके इस अवतार को काफी पसंद कर रहे हैं।

मौनी रॉय टीवी जगत से लेकर फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखा चुकी हैं। मौनी रॉय कई हिट सीरियल में काम कर चुकी हैं लेकिन उन्हें फेम एकता कपूर के सीरियल नागिन से मिला है। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों में काम करना शुरू किया।

## गुरु रंधावा की पहली फिल्म कुछ खट्टा हो जाए का टीजर जारी, 16 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

अपनी आवाज से लाखों लोगों की दिल जीत चुके गायक गुरु रंधावा अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार हैं। उन्होंने हाल ही में अपनी पहली फिल्म का ऐलान किया था, जिसका नाम कुछ खट्टा हो जाए है। इसमें दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। सई मांजरेकर भी फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। अब रंधावा ने कुछ खट्टा हो जाए का टीजर जारी कर दिया है, जो रोमांस और कॉमेडी से भरपूर है।

रंधावा ने कुछ खट्टा हो जाए का टीजर साझा करते हुए लिखा, एक प्रेम कहानी जो कैंडी जितनी प्यारी है, सिर फिरे मजनू की हरकतों और खूबसूरत लैला के आकर्षण के साथ। भावनाओं, नाटक और ढेर सारी मस्ती की रोलरकोस्टर सवारी पर हमारे साथ जुड़ें। यह फिल्म 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्देशन जी अशोक ने किया है।रंधावा को लाहौर, पटोला, तेनु सूट सूट करदा और बन जा तू मेरी रानी जैसे गानों से पहचान मिली है। सई मांजरेकर ने भी टीज़र साझा किया, उन्होंने इसे कैप्शन दिया, इस प्यार में कुछ खट्टा होने वाला है! सिरफिरा मजनू और खूबसूरत लैला प्यार की एक ऐसी कहानी का वादा करते हैं जो हर किसी के लिए मनोरंजन और आश्चर्य से भरपूर है टीजर की शुरुआत गुरु और सई के रोमांस से होती है, लेकिन उनकी प्रेम-कहानी में एक ट्विस्ट है, जो कहानी में सामने नहीं आया है।

## जॉर्जेट साड़ी पहनकर रोमांटिक गाने की शूटिंग करना एक स्वप्निल अनुभव: जिया शंकर

अभिनेत्री जिया शंकर, हर्ष बेनीवाल के साथ मेरी जिंदगी नामक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि जॉर्जेट साड़ी में रोमांटिक नंबर शूट करना एक स्वप्निल अनुभव रहा। गाने में अभिनय के बारे में बात करते हुए जिया ने कहा, बर्फ में जॉर्जेट साड़ी पहनकर एक रोमांटिक गाने की शूटिंग करना एक स्वप्निल और खूबसूरत अनुभव था। तुलसी कुमार और विशाल मिश्रा ने जिस तरह से इस गाने को गाया है, उससे मुझे इससे और भी ज्यादा प्यार हो गया है। इस रोमांटिक ट्रैक को तुलसी कुमार और विशाल मिश्रा ने गाया है। भूषण कुमार द्वारा निर्मित वीडियो को मनाली के बर्फ से ढके पहाड़ों में शूट किया गया है। तुलसी ने कहा, मेरी जिंदगी एक बहुत ही भावपूर्ण ट्रैक है, जो तुरंत श्रोताओं के दिलों को छू जाएगा।

उन्होंने कहा, यह गाना मोहसिन और मेरे द्वारा लगभग तीन साल पहले लॉक डाउन में शुरू किया गया था और इसकी एक बहुत ही मजबूत धुन है, जो इतने समय तक मेरे साथ रही और आखिरकार हमारे पास इस गाने के लिए एक खूबसूरत वीडियो है। मैं अपने सभी प्यारे प्रशंसकों के लिए इसका इंतजार नहीं कर सकती। बर्फ से ढके पहाड़ों में



साड़ी में दिखाना भी एक चुनौती थी। गाने के दिल छू लेने वाले बोल रश्मी विराग ने लिखे हैं और संगीत जावेद और मोहसिन ने दिया है। स्वप्निल संगीत वीडियो आरिफ खान द्वारा निर्देशित है।

विशाल ने कहा, दर्शकों ने मेरे गानों को जो प्यार दिया है, वह बहुत जबरदस्त है। मेरी जिंदगी भी एक ऐसा गाना है, जिससे हर कोई प्यार करता है।

हर्ष बेनीवाल ने कहा, मुझे याद है, जब हमने गाने की शूटिंग की थी, तो यह मूड को बेहतर बनाने वाला था। पूरी शूटिंग के दौरान, मुझे इसकी जीवंतता और गाने से बहुत प्यार महसूस हुआ।

संगीतकार, जावेद और मोहसिन ने भी कहा, रोमांस एक ऐसी शैली है, जिसका प्रयोग बहुत किया जाता है। इसलिए हर बार हम कुछ नया बनाते हैं।

मेरी जिंदगी के गीतकार रश्मी विराग ने भी कहा, प्यार की भाषा बहुत बदल गई है। लेकिन भावनाएं वही हैं, इसलिए युवा प्रेमियों को पुराने स्कूल के रोमांस का स्वाद देना जो आधुनिक भी लगे, यही इसके पीछे का विचार था। तुलसी और विशाल ने इसे कितनी खूबसूरती से गाया है। मेरी जिंदगी टी-सीरीज यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

## अगर वेट लॉस के लिए रोज पी रहे हैं फ्रूट जूस तो ठहर जाएं, कहीं ये आपकी गलती तो नहीं

**आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी में हेल्थ पर ध्यान दे पाना सबसे चुनौती का काम है। अनहेल्दी खानपान और अस्त-व्यस्त लाइफस्टाइल की वजह से मोटापा और कई तरह की समस्याएं होने लगती है। शरीर का वजन बढ़ने से कई बीमारियां घेर लेती हैं। इसलिए वजन कम करने पर ज्यादा फोकस करने की सलाह दी जाती है। इसके लिए डाइट और एक्सरसाइज के साथ-साथ हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करना चाहिए। बहुत से लोग फ्रूट जूस पीकर वेट लॉस करने की कोशिश करते हैं, जो गलत तरीका माना जाता है। ऐसे में आइए जानें कि मोटापा कम करने के लिए फलों का सेवन किस तरह करना चाहिए।**




### वजन कम करने में जूस की भूमिका

बहुत से लोग वजन कम करने के लिए जूस पीना पसंद करते हैं। फलों, सब्जियों और हर्ब्स के साथ मसालें और आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां मिलाकर कई तरह के वेट लॉस जूस बनाए जाते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बहुत से लोग इसी गलतफहमी में रहते हैं कि फलों का जूस पीकर वे अपना वजन कम कर सकते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है क्योंकि वेट लॉस में फ्रूट जूस पीने से नुकसान भी हो सकते हैं।

### फ्रूट जूस पीने से क्यों नहीं कम होता वजन

कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि फ्रूट जूस पीने से शरीर का वजन बढ़ सकता है। जिसका सेहत पर गंभीर असर पड़ सकता है। अध्ययनों के अनुसार, ऐसे लोग जो लिक्विड डाइट लेते हैं या सिर्फ फ्रूट जूस ही पीते हैं, उन्हें कुछ समय बाद मोटापा घेर सकता है। बच्चों में मोटापे का जोखिम ज्यादा होता है। अब सवाल कि हेल्दी होने के बावजूद फ्रूट जूस पीने से वजन क्यों बढ़ता है तो बता दें कि फलों में फ्रूक्टोज नाम का नेचुरल शुगर पाया जाता है, जो फलों का स्वाद मीठा बनाता है। फलों का जूस निकालने के बाद भी ये नेचुरल शुगर जूस में ही रह जाती है और इसे पीने से कैलोरी बढ़ जाती है। ये कैलोरी पेट में फैट बनकर जमा हो जाती है, जिससे वजन बढ़ता रहता है।

### वजन कम करने फलों का सेवन कैसे करें

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, फ्रूट जूस पीने की बजाय फलों को काटकर खाना ज्यादा फायदेमंद होता है। जब फलों का जूस निकाला जाता है तब उन्हें पीसा या कुचला जाता है और फिर छानकर अलग कर लिया जाता है। इससे फलों में मौजूद फाइबर अलग हो जाता है। डाइटरी फाइबर शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ाकर वेट लॉस में मदद करता है। यही कारण है कि जूस पीने से फाइबर के फायदे नहीं मिल पाते हैं।

## तमन्ना भाटिया ने करण जौहर से मिलाया हाथ, वेब सीरीज में आएंगी नजर



**दक्षिण भारतीय सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अक्सर ही सुर्खियों में रहती हैं। अब अभिनेत्री ने करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शंस की डिजिटल सहायक कंपनी धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग किया है। वह अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने वाली एक कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं, जिसका नाम अभी सामने नहीं आया है। इस सीरीज का निर्देशन डॉ अरोड़ा फेम निर्देशक अर्चित कुमार करेंगे।**

रिपोर्ट के अनुसार, इस शो को एक स्टार्टअप ड्रामा के रूप में दिखाया जाएगा, जिसमें 2 महिलाओं की कहानी होगी जो उद्यमशीलता का मार्ग तलाशती हैं। इसमें मुख्य भूमिका तमन्ना निभाएंगी तो दूसरी अभिनेत्री की तलाश जारी है। कहा जा रहा है कि धर्माटिक एंटरटेनमेंट अपनी इस सीरीज से पहले निर्देशक अर्चित के साथ सीरीज शोटाइम लेकर आएगा, जिसका फिलहाल प्री-प्रोडक्शन चल रहा है। मार्च के मध्य या अप्रैल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी।

बिना शीर्षक वाली अपनी इस सीरीज के साथ ही धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने अमेजन प्राइम वीडियो के साथ तीसरी बार सहयोग किया है। इससे पहले सारा अली खान अभिनीत फिल्म ऐ वतन मेरे वतन और अनन्या पांडे के नेतृत्व वाली सीरीज कॉल मी बे के लिए दोनों ने हाथ मिलाया है। ये दोनों ही प्रोजेक्ट इस साल रिलीज होंगे। इसके अलावा तमन्ना की जी करदा, आखिरी सच और लस्ट स्टोरी के बाद यह चौथी वेब सीरीज होगी।

तमन्ना की झोली में इस वेब सीरीज के अलावा 3 और फिल्में शामिल हैं। वह तमिल हॉरर कॉमेडी अरणमनई 4 का हिस्सा हैं, जिसमें राशि खन्ना और सुंदर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। तमन्ना फिल्म बोले चूड़ियां में भी दिखाई देंगी, जिसका निर्देशन शमास नवाब सिद्दीकी ने किया है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और राजपाल यादव शामिल हैं। इसके अलावा वह जॉन अब्राहम, अभिषेक बनर्जी और शरवरी वाघ के साथ फिल्म वेदा का भी हिस्सा हैं।

धर्माटिक एंटरटेनमेंट कृतिका कामरा, धैर्य करवा और राघव जुयाल के साथ वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह लेकर आएगा, जो जी-5 पर रिलीज होगी। फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस यानी 8 मार्च को जारी होने के बाद 22 मार्च को यह अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसके अलावा नेटफ्लिक्स पर फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स का तीसरा सीजन आएगा तो शोटाइम मार्च के बाद रिलीज होगी। कॉल मी बे की रिलीज तारीख का ऐलान नहीं हुआ है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### यूपीएससी जैसा वार्षिक कैलेण्डर जारी करेगा सीजीपीएससी

*हर ब्लॉक में होंगे परीक्षा केन्द्र, सीजीपीएससी ने सभी विभागों से रिक्त पदों की मांगी जानकारी*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की घोषणा के परिपालन में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) अपनी परीक्षाओं को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की तर्ज पर सुव्यवस्थित करने जा रहा है। सीजीपीएससी ने भर्ती परीक्षाओं के लिए वार्षिक कैलेण्डर जारी करने के साथ ही राज्य के हर ब्लॉक में प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन के लिए परीक्षा केन्द्र स्थापित करने का भी निर्णय लिया है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने शासन के सभी विभागों से आगामी तीन वर्षों में भरे जाने वाले रिक्त पदों की जानकारी मांग पत्र सहित देने को कहा है। विभागों से प्राप्त जानकारी के आधार पर आयोग द्वारा एक माह के भीतर परीक्षा आयोजन संबंधी कैलेण्डर जारी किया जाएगा। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने देश के समस्त लोक सेवा आयोगों से पत्राचार कर उनके द्वारा विभिन्न चयन प्रक्रियाओं एवं भर्ती परीक्षाओं के लिए आयोजित की जाने वाली बेस्ट प्रैक्टिसेस के संबंध में जानकारी साझा करने का अनुरोध किया है। विभिन्न लोक सेवा आयोगों से प्राप्त जानकारी के आधार पर आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं को सुव्यवस्थित करने हेतु एक समिति का गठन किया जाएगा। गठित समिति के सुझाव के आधार पर बेस्ट प्रैक्टिसेस को अपनाने हेतु आयोग शीघ्र ही प्रभावी कार्ययोजना तैयार करेगा।

### आईटीआई में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों की भर्ती हेतु सत्यापन कल

*प्रथम एवं द्वितीय चरण में अनुपस्थित अभ्यर्थी भी करा सकते हैं दस्तावेज सत्यापन*

**रायपुर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर तृतीय चरण के दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को 01 फरवरी 2024 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायपुर, विधान सभा रोड, सड्डू, रायपुर में बुलाया गया है। ऐसे अभ्यर्थी जो छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका पद के लिए 15 सितंबर 2023 को प्रथम चरण तथा 6 अक्टूबर 2023 को द्वितीय चरण के दस्तावेज सत्यापन में किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सके हों तो, वे 01 फरवरी 2024 को प्रात: 9:30 बजे उक्त स्थल पर उपस्थित होकर अपना दस्तावेज सत्यापन करवा सकते हैं।

### जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से करें पूरा : राहुल देव

**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं और गतिविधियों की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पीएम आवास योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को इस योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार उन्होंने पीवीटीजी समुदाय के वृद्धजनों को पेंशन योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में सर्वे सूची बनाने तथा जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

## पानी के लिए मचेगा त्राहिमाम: सूखने की कगार पर कन्हर नदी

# जल संसाधन विभाग की लापरवाही जलाशय का जलस्तर लगातार हो रहा कम



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर।** जल संसाधन विभाग रामानुजगंज की दोहरी लापरवाही से नगर की करीब 25 हजार की आबादी को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा। एक ओर जहां रामानुजगंज के जल स्तर को बनाए रखने वाली रामानुजगंज जलाशय का गेट खराब होने के कारण लगातार पानी निकल रहा है। वहीं, दूसरी ओर एनीकट का गेट भी विभाग के द्वारा मरम्मत नहीं कराया गया। ऐसे में कन्हर नदी पतले धार में चलने लगी है। कन्हर नदी के सूखने का भी खतरा आने वाले समय में मंडराने लगा है। जल संसाधन विभाग के दोहरी गंभीर लापरवाही को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों में गहरा आक्रोश है।

गौरतलब है कि नगर की जलप्रदाय व्यवस्था पूर्णत कन्हर नदी पर आश्रित है। वहीं, जिस प्रकार से कन्हर नदी धीरे-धीरे सूखती जा रही है। स्थिति यह हो गई की फरवरी आने से पहले ही नदी पतली धार में चलने लगी है। एनीकट के गेट खराब होने के कारण पानी का स्टोरेज भी नहीं रह पाएगा। ऐसे में नगर पंचायत को नियमित जलप्रदाय करना मुश्किल होगा।

प्रत्येक वर्ष अप्रैल, मई और 15 जून तक गंभीर जल संकट से पूरा नगर जूझता है। जैसे-तैसे नगर पंचायत के द्वारा नियमित जलप्रदाय व्यवस्था बनाई जाती है। परंतु पर्याप्त पानी नगरवासियों को नहीं मिल पाता है, लेकिन इस बार तो मार्च से ही जल संकट उत्पन्न होने के आसार हैं। समय रहते यदि इस ओर जल संसाधन विभाग के अधिकारी नहीं जागे तो इसका खामियाजा पूरा नगर भुगतेगा।

### जलाशय का जलस्तर लगातार हो रहा कम

नगर के जल स्तर को बनाए रखने वाले रामानुजगंज जलाशय का जलस्तर लगातार कम हो रहा है। स्थिति यह है कि रामानुजगंज जलाशय की स्थिति अप्रैल के समान हो गई है, लेकिन जल संसाधन विभाग के अधिकारी इसे देखने तक की जहमत नहीं उठा रहे हैं।

### पानी के लिए मचेगा त्राहिमाम

करीब नौ करोड रुपये से अधिक एनीकट के निर्माण में फूंक दिए गए हैं। इसके बाद भी एनीकट आज तक नगरवासियों के काम नहीं आ पाया है। विभाग की स्थिति ऐसी है कि एनीकट के गेट खराब होने की जानकारी विभाग को है, लेकिन विभाग के अधिकारी इसे बनवाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। जिस कारण एनीकट शो पीस में कुछ दिनों में तब्दील हो जाएगा और नगर में भीषण जल संकट उत्पन्न हो जाएगा

### अभी से अप्रैल जैसे हालात

अप्रैल के प्रथम पखवाड़े में जिस प्रकार से कन्हर नदी के हालात होते थे वह फरवरी प्रारंभ होने से पहले हो गए हैं। ऐसे में यदि जल संसाधन विभाग अभी भी नहीं जगता है तो नगर में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि रामानुजगंज जलाशय जिसे हम सब बोहला बांध के नाम से जानते हैं। वहीं, कन्हर नदी एनीकट दोनों का गेट खराब है, जिस कारण पानी का स्टोरेज नहीं हो पा रहा है। कन्हर नदी का पानी जिस प्रकार से लगातार काम होते जा रहा है, वह काफी चिंताजनक है। कभी भी जनवरी माह में कन्हर नदी की ऐसी स्थिति नहीं रही है। वहीं, रामानुजगंज की जल स्तर को बनाए रखने वाली रामानुजगंज जलाशय का भी जल स्तर बहुत ही कम हो गया है। जल संसाधन को कई बार अवगत कराया गया है। इसके बाद भी विभाग के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अग्रवाल ने कहा कि जल संसाधन विभाग को तत्काल रामानुजगंज जलाशय एवं एनीकट के गेट सुधार करने की आवश्यकता है ताकि पानी का स्टोरेज बना रहे।

## लो वोल्टेज और बिजली की समस्या होगी दूर: मंत्री देवांगन

- वाणिज्य, श्रम और उद्योग मंत्री ने किया सब स्टेशन का उद्घाटन
- 1.76 करोड़ की लागत से नवनिर्मित सब स्टेशन का हुआ लाइटअप



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश के वाणिज्य, श्रम और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा जिले के खरमोरा में नवनिर्मित 33/11 केवी उपकेंद्र का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सब स्टेशन के शुरु हो जाने से कई वार्डों की बिजली की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। विशेष तौर पर दादरखुर्द, खरमोरा समेत अन्य वार्डो में निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति हो पाएगी और लोगों को लो वोल्टेज को समस्या से छुटकारा मिलेगा।

मंत्री देवांगन ने कहा कि सब स्टेशन से गर्मी के दिनों में लो वोल्टेज और कटौती से राहत मिलेगी। शहर के कई जगहों पर नवीन उपकेंद्र निर्माणाधीन है। हमारा प्रयास है कि सभी का निर्माण जल्द पूरा हो सके ताकि पूरे शहर में बिजली की समस्या से निदान मिल सके। इस सब स्टेशन से आसपास के 4 वार्डो के 5 हज़ार उपभोक्तओ को इसका लाभ मिलेगा। वार्ड वासियों की मांग पर मंत्री श्री देवांगन ने वितरण विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया कि जिन भी वार्डों में अधिक बिजली बिल की शिकायत है, वहां जल्द शिविर लगाकर शिकायतों का निराकरण करें। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण सहित डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी के अधिकारी एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ में एक बार फिर बदला मौसम का मिजाज, बढ़ेगी ठंड, कई इलाकों में बारिश के आसार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** वहीं सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। इसके साथ ही कोहरा छाया रहा। बीते दिनों की तुलना में ठंड में कमी आई थी, लेकिन बादल छाए रहने और बारिश होने की वजह से एक बार फिर से ठंड में बढ़ोतरीछत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। उत्तरी नमी हवाओं के प्रभाव से आज बुधवार को प्रदेश के एक-दो जगहों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ में आगे 72 घंटे में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि प्रदेश में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलेगा। आज सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। इसके साथ ही प्रदेश के कई इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है।

बीते दिनों मंगलवार को प्रदेश में मौसम शुष्क रहा। वहीं सर्वाधिक अधिकतम तापमान तिल्दा में दर्ज किया गया है। यहां 31.1 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। इसके साथ ही सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मंगलवार को सबसे ठंड इलाका अंबिकापुर रहा। आज राजधानी रायपुर में सुबह के समय आकाश आंशिक मेघमय रहने की संभावना है।

### जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान शुरु


**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। 'कलंक को समाप्त करना गरिमा को अपनाना' के संदेश के साथ लोगों को कुष्ठ के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसकी शुरुआत महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर 30 जनवरी को कुष्ठ जागरूकता प्रचार रथ को रवाना करके हुई। इस दौरान सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों ने जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार रथ के माध्यम से गांव गांव जाकर लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### 2 फरवरी को प्लेसमेंट कैम्प का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 2 फरवरी 2024 दिन शुक्रवार को जिला रोजगार कार्यालय में प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक नव किसान बायो प्लांटेक लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव के 25 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद हेतु केवल पुरुष आवेदक ही पात्र होंगे, शैक्षणिक योग्यता 10वीं से स्नातक रखा गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 9000 से 15000 रुपए निर्धारित किया गया है। चयनित आवेदक का कार्यक्षेत्र जॉजगीर चांपा, बलौदा एवं बिलासपुर रहेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

## वायु सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए अधिक से अधिक पात्र युवाओं का कराएं पंजीयन: कलेक्टर अग्रवाल

- ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जागरूकता अभियान के माध्यम से युवाओं को करें प्रेरित
- धान खरीदी के अंतिम दिन नोडल अधिकारी खरीदी केन्द्रों में रहेंगे मौजूद
- कलेक्टर अग्रवाल ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यो में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित किये जा रहे अग्निवीर भर्ती अभियान के तहत जिले में युवाओं के पंजीयन की जानकारी ली। उन्होंने जिले के अधिक से अधिक युवाओं को अग्निवीर भर्ती में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिक से अधिक पात्र युवाओं का पंजीयन अग्निवीर भर्ती में सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में मुनादी तथा पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स के माध्यम से प्रचार प्रसार कर वृहद जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश सभी जनपद पंचायत सीईओ और नगरीय निकाय के सीएमओ को दिए। जिससे अग्निवीर भर्ती की जानकारी सभी युवाओं तक पहुंच सके और अधिक से अधिक पात्र युवा भर्ती में शामिल हो सके। उन्होंने अग्निवीर भर्ती के लिए अधिक से अधिक युवाओं का चिन्हांकन कर पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले कॉलेजों में भी प्रचार अभियान चलाने को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इसके अलावा विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों के युवाओं को भी अग्निवीर भर्ती में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। इस दौरान समय-सीमा की समीक्षा बैठक में डीएफओ श्री मणिवासगन एस, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई सहित एसडीएम सहित जिला अधिकारीगण मौजूद रहे।

समय-सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने जिले में चल रहे धान खरीदी की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने अभी तक हो चुके खरीदी, डीओ जारी एवं धान उठाव की जानकारी ली। कलेक्टर ने 31 जनवरी को धान खरीदी के आखिरी तिथि होने के कारण पूरी सतर्कता और गंभीरता से धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आखिरी दिन धान खरीदी के सक्रिय निगरानी के लिए सभी खरीदी केन्द्रों के लिए नियुक्त किये गये नोडल अधिकारियों को अपने संबंधित धान खरीदी केन्द्रों में उपस्थित रहने के निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में मिलरों द्वारा धान उठाव की भी जानकारी लेकर धान खरीदी केन्द्रों से धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित समय-सीमा के प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने राशन कार्डों के नवीनीकरण की भी जानकारी लेकर नवीनीकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए हाईरिस्क प्रेगनेंसी, एनीमिया, टी.बी., कुष्ठ आदि के मरीजों की जानकारी लेकर विभाग द्वारा इनके ईलाज के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों की भी जानकारी ली।

## पांच लाख रुपए के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**नारायणपुर।** नारायणपुर में पांच लाख के इनामी नक्सली ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। नारायणपुर के आमदई एरिया कमेटी के अंतर्गत सक्रिय माओवादी घस्सू कोर्राम उर्फ अजीत कोर्राम ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी पुष्कर शर्मा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया है।

नारायणपुर पुलिस ने बताया कि आत्मसमर्पित माओवादी वर्ष 2016 से नक्सल संगठन में सक्रिय था और वर्ष 2018 से आमदई एरिया कमेटी अन्तर्गत एसीएम के पद पर नक्सलियों के डॉक्टर टीम का कमांडर रहा है। जिसने अपने अन्य साथियों से भी आत्मसर्पण कर मुख्य धारा में आने की अपील की है।

पुलिस अधीक्षक नारायणपुर पुष्कर शर्मा के द्वारा आत्मसमर्पित माओवादी को 25,000 रूपये की प्रोत्साहन राशि का चेक दिया गया और शासन की "नक्सल उन्मूलन नीति" के तहत् अन्य समस्त सुविधाएं एवं लाभ प्रदान करने हेतु नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही गई।


मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# लोकसभा चुनाव से पहले दुर्ग पुलिस की बड़ी कार्रवाई सेक्टर-1 में कार की डिक्की से भारी मात्रा में नगदी बरामद

■ **थाना भिलाई भट्ठी एवं एसीसीयू की संयुक्त कार्रवाई, पुलिस ने दी आयकर विभाग को सूचना**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** अभी लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान भी नहीं हुआ और भिलाई में नगदी का मिलना शुरू हो गया है। बुधवार को भट्ठी पुलिस व एसीसीयू की संयुक्त टीम ने कार की डिक्की से ढाई करोड़ से ज्यादा की नगदी बरामद की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली और घेराबंदी कर दो कार रोके गए। इनमें से एक कार में नगदी मिली है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत मे लिया है। नगदी के संबंध में कोई भी वैद्य दस्तावेज नहीं दिखाए जाने पर इसे धारा 102 CRPC के तहत जब्त किया गया। पुलिस ने इसकी सूचना आयकर विभाग को भी दे दी है।



बता दें लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही दुर्ग पुलिस एक्टिव हो गई है। एसपी राम गोपाल गर्ग ने अवैध करोबार पर नजर रखने सभी थानों को निर्देश जारी किया है। इस बीच मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात में थाना भिलाई भट्ठी एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम को एसबीआई बैंक के पास सेक्टर 1 भिलाई में दो कार संदिग्ध अवस्था में होने की सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस की टीम ने घेराबंदी की और सेक्टर-1 एसबीआई बैंक के पास खड़ी कारों की जांच शुरू की।

पुलिस को मौके पर ब्रेजा वाहन क्रमांक CG07 CM 4883 व क्रेटा वाहन क्रमांक CG07 BX 6696 में सवार तीन व्यक्ति मिले। इन लोगों ने अपना नाम गोविन्द चन्द्राकर (57) निवासी औरी भिलाई -3, विशाल कुमार साहू (28) निवासी 32 ए सडक 07 सेक्टर 1 भिलाई, तथा पंकज साव (30) निवासी बैकुण्ठ धाम के पास कैम्प 02 भिलाई बताया। इनके वाहनों की तलाशी लेने पर क्रेटा वाहन क्रमांक CG07 BX 6696 की डिक्की मे भारी मात्रा मे नगदी रकम बरामद किया गया। उक्त रकम के संबंध मे पूछताछ करने पर उक्त व्यक्तियो द्वारा संतोष जनक जवाब प्रस्तुत नही किया गया ।

उक्त वाहनो को संदिग्ध व्यक्तियों सहित थाना भिलाई भट्ठी लाया गया। कार की डिक्की से बरामद नगदी गिनने पर पर यह कुल 2 करोड़ 64 लाख रुपए निकले। सभी नोट 500-500 रुपए के पैकेट में थे। तीनों व्यक्तियों के पर उक्त नगदी को लेकर कोई भी वैध दस्तावेज नहीं थे और इसके संबंध में कोई जानकारी भी नहीं दी। इसके बाद पुलिस ने नगदी रकम को धारा 102 CRPC के तहत जब्त कर लिया है। इस संबंध में आयकर विभाग को भी अलग से सूचना दी गई है। इस पूरी कार्रवाई में भिलाई भट्ठी थाना प्रभारी निरीक्षक विपीन रंगारी, निरीक्षक संतोष मिश्रा एसीसीयू दुर्ग, सहायक उप निरीक्षक पूर्ण बहादूर, सहायक उप निरीक्षक बसंत भोई, प्रधान आरक्षक पुरूषोत्तम साहू, प्रदीप सिंह, आरक्षक पन्ने लाल, संतोष गुप्ता, शैलेश यादव, अंकित सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## खास खबर



### अवैध धान खपाने की कोशिश, 2 मेटाडोर जब्तः अधिकृत लाइसेंसी धान व्यापारी करे रहे थे परिवहन, खाद्य विभाग ने की कार्रवाई

**बलौदाबाजार (ए)।** बलौदाबाजार में अवैध धान खपाने की कोशिश में 2 मेटाडोर धान को जब्त किया गया है। बता दें मंडी विभाग के अधिकृत लाइसेंसी धान व्यापारी द्वारा अवैध रुप से धान परिवहन किया जा रहा है। खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए जब्त धान को कृषि उपज मंडी कसडोल की सुपुर्दगी में रखा है। विभाग इसमें कलेक्टर के निर्देश पर आगे की कार्रवाई करेगा।

जानकारी के अनुसार, कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत मंगलवार रात को मंडी और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने दो माजदा वाहन में अवैध धान परिवहन करते पाया। सीजी 10 सी 8046 को चालक दिगम्बर कश्यप निवासी ग्राम झबडी और वाहन क्रमांक सी जी 04 डब्ल्यू 1711 वाहन चालक जितेन्द्र जायसवाल निवासी ग्राम सुकली, दोनों मंडी विभाग के अधिकृत लाइसेंसी धान व्यापारी हैं।

धान परिवहन के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों वाहन चालक व्यापारी संतोषजनक जवाब नही दें पाए। इसके अलावा ना ही किसी प्रकार के वैध दस्तावेज बिल इनवॉइस लेटर पेश कर पाए। इसके बाद दोनों के खिलाफ कृषि उपज मंडी अधिनियम के तहत पूरे धान को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई।

#### धान खरीदी तक लगातार होगी जांच

खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया कि अवैध धान परिवहन एवं संग्रहण में रोक लगाने के लिए कलेक्टर चंदन कुमार द्वारा लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देश पर धान खरीदी तक राजस्व, खाद्य, सहकारिता, मंडी के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा लगातार निगरानी और जांच किया जाएगा। खाद्य अधिकारी ने बताया कि धान खरीदी के अंतिम दिन को उपार्जन केन्द्र के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी से सत्यापन का कार्य पूर्ण कराकर अंतिम खरीदी प्रमाण पत्र भी लिए जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये है।

### पेड़ के नीचे लगा रखी थी दुकान एककिलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** चांटीडीह में पेड़ के नीचे बैठकर गांजा बेच रहे एक युवक को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उससे एक किलो गांजा बरामद हुआ। इसे उसने पिट्ठूबैग में रखा था। पुलिस ने सूचना मिलने पर चांटीडीह में दबिश दी। यहां पीपल पेड़ के पास जबड़ापारा मिश्रा मोहल्ला निवासी संदिग्ध युवक दुर्गेश साहू (22) पीपलपेड़ के नीचे बैठा था। उसने एक पिट्ठू बैग रखा था। पुलिस ने उसे पकड़कर तलाशी ली। इस दौरान उसके बैग से एक किलो गांजा मिला। इस गांजे की कीमत करीब 12 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ 20बी,एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सरकंडा पुलिस ने शातिर चोर से पांच मोटर साइकिलें जब्त की

**बिलासपुर (ए)।** सरकंडा पुलिस ने शातिर चोर से चोरी की 5 मोटरसाइकिलें जब्त कीं। इन्हें उसने अलग-अलग स्थानों से पार किया था। सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक कबाड़ में बाइक बेचने ले जा रहा है। इस पर पुलिस ने सिटी कोतवाली क्षेत्र फजलबाड़ा निवासी राजराव इंगोले उर्फछोटू (30) को घेराबंदी कर पकड़ा।

पूछताछ में उसने बाइक को चांटीडीह सोनी धर्मशाला गली से चोरी करना स्वीकार किया। इसके चेचिस व पार्ट्स को अलग-अलग कर कबाड़ में बेचने के लिए रखा था। इसके अलावा जिले के अलग-अलग स्थानों से उसने 4 अन्य बाइक भी चोरी की थी। पुलिस ने सभी को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## अवैध खनन रोकने गई खनिज विभाग की टीम पर जानलेवा हमला, कई वाहन तोड़े, जान बचाकर भागे अधिकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले से बड़ी खबर आ रही है। यहां रेत घाट में अवैध रूप से खनन कर रहे माफियाओं को रोकने गई खनिज विभाग की टीम पर हमला कर दिया गया। टीम के सदस्यों को जान बचाकर भागना पड़ा।

घटना पांडुका स्थित कुटैना रेत घाट की है। जानकारी के अनुसार रेत घाट में अवैध रूप से खनन कर रहे माफ्यिाओं को रोकने गई खनिज अधिकारियों की टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में विभाग की गाडियां क्षतिग्रस्त हो गई।



बताया जा रहा है कि हमलावरों ने हाउस के आदमी कहकर खनिज अधिकारियों और उनकी टीम से मारपीट की। वहीं हमलावरों ने टीम पर हमला कर विभाग की गाड़ी के शीशें तोड़ दिए। ऐसे में टीम के सदस्यों को मौके से जान बचाकर भागना पड़ा।

इधर, बताया जा रहा है कि प्रशासन ने कुटैना रेत घाट को स्वीकृति नहीं दी है। वहीं रेत घाट में लंबे समय से अवैध तरीके से खनन जारी था। शिकायत मिलने पर खनिज विभाग की टीम रेत घाट में अवैध खनन बंद कराने पहुंचे थी। इसी दौरान वहां मौजूद रेत माफिया ने खनिज विभाग की टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित खनिज अधिकारी का कहना है कि जिले के बड़े अधिकारियों से चर्चा के बाद हमलावरों के खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी।

## बुजुर्ग को पीटने वाले बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलूस

**रायपुर।** रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग के घर में घुसकर गुंडागर्दी करने वाले बदमाशों का पुलिस ने जुलूस निकाला। इस दौरान युवकों के हाथों में हथकड़ी थी। वे लगातार कैमरे के सामने मुंह छिपाने की कोशिश कर रहे थे। लिस ने ये जुलूस उसी सड़क पर निकाला, जहां इनकी दबंगई का वीडियो वायरल हुआ था।

दरअसल, ओवर स्पीड कार चलाने को लेकर आरोपियों का 5 दिन पहले अवंति विहार इलाके में संतोष जैन नाम के शख्स से विवाद हुआ था। इसके बाद आरोपी संतोष के घर आ धमके और जमकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी।

पुलिस ने मारपीट के मामले में 21 साल के अतीब बाउला, 36 साल के इकरार खान, 24 साल के शमीम अहमद, 21 साल के अराफत कुरैशी और 19 साल के मोहम्मद साहिल को गिरफ्तार किया है। इनमें से ज्यादातर आरोपी मौदहापारा और टिकरापारा थाना क्षेत्र के हैं। पुलिस ने सभी को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया है।

### ये था पूरा मामला

पीड़ित संतोष जैन ने 26 जनवरी को खम्हारडीह थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि रात करीब पौने 12 बजे वे अवंति विहार मेन रोड से गुजर रहे थे। इस दौरान ओवर स्पीड में कार चलाए जाने की बात को लेकर दो युवकों से बहसबाजी हो गई। इसके बाद संतोष अपने घर आ गए। पीछे-पीछे दोनों युवक अतीब बाउला और अनस बाउला भी अपने दोस्तों के साथ उनके घर तक पहुंच गए।

### सोसाइटी के बाहर गाली गलौज और तोड़फोड़ की

दोनों युवकों ने विरासत सोसाइटी के बाहर पहुंचकर जमकर गाली गलौज शुरू कर दी। वह संतोष जैन और उनके परिवार को पीटने के लिए खोजने लगे। इस दौरान उन्होंने घर के सामने रखी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। साथ ही घर के खिड़कियों पर पत्थर मार कर ग्लास तोड़ दिया और दरवाजा पीटने लगे थे।

## पिता की हत्या करने के मामले में दो भाइयों को आजीवन कारावास

**महासमुंद।** पिता की हत्या के मामले में दो भाइयों को आजीवन कारावास मिला है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पाण्डेय ने दोष सिद्ध होने पर पिथौरा थाना के ग्राम कैलाशपुर डोंगरीपाली निवासी जगदीश यादव (40) और ग्राम कौड़यापारा निवासी पुरुषोत्तम यादव (28) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 2 अप्रैल 2023 को ओमप्रकाश यादव को उसके बड़े भाई पुरुषोत्तम ने फोन पर बताया कि पिताजी नहीं रहे। इस पर वह अपने छोटे जीजा अरुण और दीदी कमला के साथ गांव पहुंचे। जहां पहले से ही पुलिस, सरपंच, कोटवार, चाचा रवि यादव और उसके दोनों भाई जगदीश यादव व पुरुषोत्तम यादव मौजूद थे। दोनों ने ओमप्रकाश को बताया कि परसों पिताजी ने मां के साथ मारपीट की थी। इसी बात पर रात में हल्का विवाद हुआ था। आगे की जानकारी वे नहीं दे पाए। इस पर सभी की उपस्थिति में जब रजाई हटाकर पिताजी मंगलू यादव को देखा तो सिर, दोनों कान में चोट के निशान थे। आंख के पास चोट व गले में रस्सी के निशान दिखे। पूर्व में मंगलू ने जगदीश व पुरुषोत्तम के नाम की जमीन 20 लाख रुपए में बेचकर 15 लाख रुपए अपने दामाद नरेंद्र यादव को दिए थे। डेढ़ लाख रुपए ओमप्रकाश और ढाई लाख पुरुषोत्तम को मिले। इसलिए दोनों पर उन्हें कुछ गलत करने का शक हुआ।

विवेचना के दौरान पीएम से यह तथ्य सामने आया कि मंगलू की मृत्यु हत्यात्मक प्रकृति की है, इस पर अभियुक्तों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि मंगलू ने शराब पीकर गाली-गलौच करन और मना करने पर नहीं मानने के बाद मारपीट की। बाद में लकड़ी और पाइप से मारपीट करना और रस्सी से गला घोंटने की बातबताई।

## गेवरा खदान में हादसा, कोरबा में तेज रफ्तार ट्रक ने चालक को कुचला

**कोरबा (ए)।** कोरबा के गेवरा खदान में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और इसकी सूचना चालक के कंपनी और दीपका थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए आगे की जांच कार्रवाई कर रही है।

जानकारी के अनुसार, ये हादसा आज बुधवार की तड़के सुबह हुई है। बुधवार सुबह ड्यूटी के दौरान चालक हीरा प्रसाद रात्रे अपनी ट्रक को सड़क पर खड़ी कर पानी लेने उतरा था। पानी लेने के बाद वापस ट्रक के पास जाते वक्त ट्रिप लगाने की तेज आपा धापी में रूंगटा कंपनी के दूसरे ट्रक ने उसे कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

### शव को मौके से उठा ले गई कंपनी

इधन खदान में हादसे के बाद इसकी लीपापोती भी शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि कम्पनी द्वारा तत्काल शव को मौके से उठा लिया गया और घटना स्थल पर ग्रेडर चलवा कर मृतक के खून के धब्बों को मिट्टी से दबा दिया गया है।



### रूंगटा कम्पनी में बतौर ट्रक चालक कार्यरत था मृतक

मृतक हीरा प्रसाद रात्रे गेवरा खदान में नियोजित कम्पनी रूंगटा में बतौर ट्रक चालक कार्यरत था। वह जांजगीर जिला के चांपा का रहने वाला था। वर्तमान में छुराकछार में रहकर ड्यूटी आना-जाना कर रहा था।

### जांच कार्रवाई जारी- दीपका थाना प्रभारी

दीपका थाना प्रभारी अश्वनी राठौर ने बताया कि हादसे की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए कंपनी के साथ मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। आगे की जांच कार्रवाई की जा रही है।

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **नरेन्द्र कुमार** पिता जीवन लाल, निवासी-प्लाट नं. 144, वार्ड नं. 08, इंद्रावती नगर, कोहका, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम त्याग कर नया नाम **नरेन्द्र कुमार देवांगन** पिता जीवन लाल रख लिया हूं। अतः आज से मुझे शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **नरेन्द्र कुमार देवांगन** पिता जीवन लाल से ही जाना, पहचाना जावे।

**नरेन्द्र कुमार देवांगन**
प्लाट नं. 144, वार्ड नं. 08,
इंद्रावती नगर, कोहका,
सुपेला भिलाई, जिला-दुर्ग
(छ.ग.) 490023


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026,
8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ताः 93003-77572

## खास - खबर



### अंतरराष्ट्रीय तेंग सूडो मार्शल आर्ट में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**भिलाई।** 14वीं अन्तरराष्ट्रीय तेंग सूडो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 2023-24 नई दिल्ली में आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से तेगंसूडो स्पोर्टस एसोसिएशन के चयनित 11 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इन खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन से कई पदक हासिल किए। इन खिलाड़ियों में एन आयुष-स्वर्ण पदक,सोनालिका साहू-स्वर्ण पदक, मेधा साहू- स्वर्ण पदक,अंजली कुमारी- रजत पदक,इन्द्राणी साहू- रजत पदक, जया साहू- रजत पदक,उन्नति यादव- रजत पदक,भावेष साहू- रजत पदक,पर्णवी जंघेल- कास्य पदक,माधुरी साहू- कास्य पदक,अन्जु यादव- कास्य पदक, टीम कोच- दिनेश साहू,टीम मैनेजर- डिगेश्वरी साहू, व्यायाम शिक्षिका - शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कपसदा कुम्हारी जिला-दुर्ग शामिल हैं। उपरोक्त सभी खिलाड़ी एवं कोच मैनेजर को इन उपलब्धियों के लिए छत्तीसगढ़ तेंगसुडो एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं पालको ने शुभकामनाएं दी है।



### एसआईओ क्रिकेट में अल्फा वारियर्स विजेता

**भिलाई।** भारतीय मुस्लिम युवा विद्यार्थियों के संगठन स्टूडेंट इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन (एसआईओ) ने खेल महोत्सव के अंतर्गत एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। अर्जुन नगर कैंप -1 दशहरा मैदान में बच्चों के लिए आयोजित इस खेल महोत्सव में 10 से 16 साल के बच्चों की कुल 6 टीमों ने भाग लिया। जिसमें भिलाई के अलग-अलग क्षेत्र के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया द्य इनमें टीम अल्फा वॉरियर्स प्रिंस के नेतृत्व में टूर्नामेंट की विजेता बनी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.आई.ओ.छत्तीसगढ़ के जोनल सेक्रेटरी इदरीस खान ने विजेता टीम को 1100 रुपये नकद ,ट्रॉफी, सर्टिफिकेट व मेडल से टीम को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम मे एस.आई.ओ.भिलाई के इकाई अध्यक्ष जुल्करनैन व इकाई सचिव सोहेब खान के साथ अल्ताफ आलम, शेख सुफ्यिान, पवन ,वकार, सुभान, उबैद , ज़ीनुरेन, शाहबाज़ व अन्य कार्यकर्ता भी शामिल थे।

### बीएसपी द्वारा सेल-सीएसआर कप का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने सदैव ही खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित किया है। इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के तत्वाधान में ग्राम पंचायत जरारोदा द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट सेल-सीएसआर कप का उद्घाटन महाप्रबंधक (फ्लक्स) एवं खदान प्रमुख (कुटेश्वर माइंस) मनोज कुमार द्वारा किया गया। इस 10 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रायोजित सेल-सीएसआर कपका आयोजन आसपास के गांवों के युवाओं के लिए किया जा रहा है।

# दुर्ग कलेक्टर का सख्त आदेश, एक फरवरी से बिना हेलमेट सफर करने पर होगी सख्त कार्रवाई

## सेंट्रल एवेन्यु रोड व राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्ग से रायपुर के बीच होगी जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दुर्ग भिलाई में एक बार फिर हेलमेट को लेकर सख्ती बरतने की तैयारी कर ली गई है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक यह निर्णय लिया गया है। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग भी सम्मिलित हुए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सेंट्रल एवेन्यु रोड व राष्ट्रीय राजमार्ग दुर्ग-रायपुर में 1 तारीख से दोपहिया वाहनों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। जो कोई वाहन सवार बिना हेलमेट में पाए जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



बैठक में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरीने राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों पर हुई दुर्घटनाओं की रोड, थाना तथा सड़कवार रिर्पोट्स की गहन समीक्षा की तथा चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए विभिन्न सुझावों पर विमर्श कर कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। इसमें विशेष रूप से सड़कों से अवैध कब्जे हटाना, प्रकाश व्यवस्था, संकेतक, रोड मार्किंग व गति नियंत्रक बोर्ड लगाना आदि शामिल है। कलेक्टर ने जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में यातायात जागरूकता बढ़ाने तथा नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही ध्वनि प्रदुषण पर नियंत्रण हेतु प्रेशर हॉर्न व मोडिफाई साइलेंसर्स पर प्रवर्तन कार्यवाही करने तथा इसकी ब्रिकी पर नियंत्रण हेतु मैकेनिक्स एवं ऑटोपार्ट्स विक्रेताओं पर भी सक्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्गों को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले पॉइंट पर गति अवरोधक रम्बल्ड स्ट्रिप बनाने को कहा। इस हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को चिन्हांकित स्थानों में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने दुर्घटनाजन्य वाले स्थानों पर गति नियंत्रण के लिए जिगजैग, आवश्यक स्थानों पर साईन बोर्ड लगाने, रात्रि में अंधेरे की वजह से हो रही दुर्घटनाओं वाले स्थानों में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराने पर जोर दिया।

### कलेक्टर ने ली ब्लैक स्पॉट्स की जानकारी

कलेक्टर चौधरी ने सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के द्वारा 2024 हेतु चिंहाकित ब्लैक स्पॉट्स की जानकारी ली। जिस पर डीएसपी. ट्रैफिक सतीश ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2021, 22 एवं 23 में घटित मृत्युजन्य/संघातिक सड़क दुर्घटनाओं के आधार पर सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय द्वारा ब्लैक स्पॉट के लिए परिभाषित मानक अनुसार सड़क दुर्घटनाओं एवं मृत्युदर में कमी लाये जाने के लिए 8 दुर्घटनाजन्य सड़क खण्डों को वर्ष 2024 हेतु ब्लैक स्पॉट्स चिन्हांकित किया गया है। उपरोक्त सभी सड़कों पर सुधारात्मक कार्य हेतु सड़कों का भौतिक सत्यापन एवं दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा की गई है। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में चिन्हांकित जिले की 6 ब्लैक स्पॉट्स वाली सड़कों पर सुधारात्मक कार्य किए जाने के उपरांत मृत्युजन्य/संघातिक सड़क दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होने से सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय द्वारा ब्लैक स्पॉट्स के लिए परिभाषित मानक अनुसार वर्ष 2024 हेतु ब्लैक स्पॉट्स की श्रेणी में नहीं आने के कारण सूची से हटाया गया है।

### एसपी गर्ग ने दिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश

बैठक में पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग ने लोक निर्माण विभाग सेतू संभाग अंतर्गत नेहरू नगर, शिवनाथ नदी, नेवई ओवर ब्रिज में डिवाईडर का निर्माण कराए जाने, समुचित प्रकाश व्यवस्था, जेल तिराहा से पुलगांव चौक तक रोड चौड़ीकरण एवं डिवाईडर का निर्माण कराये जाने, राजेन्द्र पार्क चौक एवं पटेल चौक पर फ्री लेफ्ट निर्माण करने, धमधा रोड चौड़ीकरण एवं चिखली से धमधा तक पड़ने वाले तीन पुलिया सक्रिय होने का बोर्ड, रिफ्लेक्टर एवं सड़क किनारे पड़ने वाले पेड़ों की छटाई करने का सुझाव दिया। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, आयुक्त नगर निगम भिलाई देवेश ध्रुव, एसडीएम पाटन दीपक निकुंज, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, डीएसपी यातायात सतीश ठाकर, आरटीओ शैलाभ साहू आदि उपस्थित रहे।

## याद किए गए गांधी, दी गई श्रद्धांजलि



**भिलाई।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवसको मंगलवार को शहीद दिवस के रूप में मनायागया। कलेक्ट्रेट में 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हेंश्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलेक्टर ऋचा प्रकाशचौधरी इस दौरान मौजूद थीं। इधर दुर्ग और भिलाई मेंअलग-अलग जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन कियागया।

दुर्ग में गांधी प्रतिमा हिंदी भवन के पास कांग्रेसीजुटे। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि गांधी केविचार आज भी विश्व के लिए प्रासंगिक हैं। कैम्प-1में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बीडी कुरैशी नेकहा कि गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जासकती। उतई में भी कार्यक्रम का आयोजन कियागया। बिजली कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों नेभी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना : जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक लेकर कलेक्टर ने कहा आवेदन प्रक्रिया रखें जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला कार्यालय के सभा कक्ष में मंगलवार को कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ऋचा चौधरी ने योजना अंतर्गत आवेदन लेने की प्रक्रिया जारी रखने कहा। उन्होंने धमधा, अमलेश्वर और पाटन नगर पंचायत में योजना अंतर्गत प्रगति लाने संबंधित सीएमओ को निर्देशित किया।



कलेक्टर ने सभी नगर निगम आयुक्त, नगर पंचायत के सीएमओ और जनपद सी.ई.ओ. को योजना अंतर्गत साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है। समिति के सदस्य/सचिव जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक हरिश कुमार सक्सेना द्वारा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं योजना से संबंधित नियमों तथा प्राप्त आवेदनों के कार्यवाही संबंधी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि स्टेज-02 में प्राप्त 2185 (2096 शहरी एवं 89 ग्रामीण ) लंबित प्रकरणों को अनुमोदन उपरांत संबंधित बैंकों को प्रेषित की गई है।

जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने जिले के सभी बैंकों के साथ योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु 18 जनवरी 2024 को जिला पंचायत में बैठक आयोजित कर प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु बैंक शाखाओं को निर्देशित किया है। अधिकारियों द्वारा प्रकरणों का भौतिक निरीक्षण भी किया गया है।

बैंक के आईएफएससी कोड पोर्टल में परिलक्षित न होने के संबंध में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं एनआईसी/सीएससी की बैठक में निराकरण किया गया है। योजना अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों की चयनित सूची प्राप्त होने पश्चात् प्रशिक्षण की कार्यवाही संबंधित संस्थाओं द्वारा प्रारंभ की जाएगी। बैठक में नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायत और जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारी उपस्थित थे।

## रिटायर कर्मियों को सोसाइटी ने विदाई दी, कहा - इन कर्मियों ने दी सेक्टर-4 सोसाइटी को नई ऊंचाइयां

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक समारोह में दिसंबर 2023 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को विदाई दी। सभी रिटायर कर्मियों को अध्यक्ष अशोक परगनिहा व पदाधिकारियों ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने कहा कि सभी वरिष्ठजन हमारी सोसाइटी का अभिन्न हिस्सा रहे हैं और इन सभी का योगदान ना सिर्फ भिलाई स्टील प्लांट बल्कि हमारी सोसाइटी को भी नई ऊंचाई देने में रहा है।

इन रिटायर कर्मियों में मर्चेंट मिल से मथैय्या, मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप-3 (मार्स) से वेंकट राव, टीपी एंड आई (ई) से नारायण, फाउंड्री एंड पैटर्न शॉप से अजय मुरलीधर जावले, एसएमएस-2 से प्रवीण कुमार घोष, तरुण कुमार स्वर्णकार, फायर ब्रिगेड से खूबचंद वर्मा, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से बिंदेश्वरी साहू, पीपीएंडसी से कल्याण राय, प्लेट मिल से इकबाल नैय्यर, रामकुमार देवांगन,मनोरंजन प्रसाद, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से दयाल गोस्वामी, राधेलाल उमाकांत मिश्रा, सीआर (रिफ्रैक्ट्री) से नानूक राव बंजारे, वायर रॉड मिल से मणिलाल कौर, मेडिकल से कमल कुंडू, फाइनेंस एंड ऑडिट से चंद्रिका प्रसाद देशमुख, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से राधेश्याम देवांगन, घासीराम अहिरवार, जनरल इस्टैब्लिशमेंट से कमलेश राघव, सिंटर प्लांट-2 से बुल्खुराम सिंह, वायर रॉड मिल से संजय कुमार डेनियल, मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप-1 से समर सिंह राज और रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से राजेंद्र कुमार शामिल है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर,आसमां परवीन,संचालक मंडल सदस्यगण विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, पूरन लाल देवांगन, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर,शशिभूषण सिंह,नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी और सोसायटी के कर्मियों में पीयुष कर,सुदीप बनर्जी,नारायण साहू और सुरेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन विपिन बंछोर ने किया।

## आईआईएम भिलाई चैप्टर द्वारा दी गई गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्य संवर्धन पर तकनीकी प्रस्तुति

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेटल्स-भिलाई चैप्टर द्वारा गुणवत्ता आश्वासन एवं मूल्य संवर्धन विषय पर तकनीकी प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल विभाग के विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता, संयंत्र के आरसीएल विभाग के विभाग प्रमुख एवं महाप्रबंधक एवी मनोज द्वारा की गई।

गुणवत्ता के क्षेत्र में तीस वर्षों से भी अधिक का अनुभव रखने वाले एवं इस विषय के विख्यात विशेषज्ञ, राइट्स भिलाई के संयुक्त महाप्रबंधक देविनेनी राजा ने, अपने सारगर्भित प्रस्तुति में गुणवत्ता आश्वासन की महत्ता एवं इसके विभिन्न आयामों को बखूबी रेखांकित किया। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों से प्राप्त अनुभवों को साझा करते हुए, देविनेनी राजा ने विकसित देशों में अपनाई जाने वाली गुणवत्ता पद्धतियों के बारे में रोचक जानकारियां दी एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य उत्पाद रेल की स्वीकार्यता प्रतिशत को उत्तरोत्तर बढ़ाने के लिए अधिकारियों को प्रेरित किया।

आरम्भ से अंत तक, वक्ता एवं दर्शकों के मध्य पारस्परिक संवाद ने, इस तकनीकी सभा को बेहद रोचक एवं प्रेरणास्पद बनाये रखा। इस प्रस्तुतिकरण में राइट्स के अधिकारियों सहित भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के गुणवत्ता से सम्बंधित कई अधिकारी इस सत्र में उपस्थित होकर लाभान्वित हुए।

# विधानसभा प्रश्नों का जवाब समय पर भेजे अधिकारी : कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी

## कलेक्टर ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने मंगलवार कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में निर्वाचन कार्य, राशन कार्ड नवनीकरण, धान खरीदी, राजस्व प्रकरणों के निराकरण की अद्यतन स्थिति, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, जनचौपाल और समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कतिपय विभागों द्वारा विधानसभा के प्रश्नों का जवाब अभी तक नहीं भेजे जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय पर विधानसभा के प्रश्नों का जवाब भेजने के कड़े निर्देश दिए हैं।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही प्रकरण लंबित रहने पर अधिकारियों को कड़ी फटकार भी लगाई। कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य अंतर्गत एएसडी की समीक्षा करते हुए संबंधित



ईआरओ/एईआरओ को नगरीय निकाय/ग्राम पंचायतों से मतदाता की मृत्यु के संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र की जांच कराने के पश्चात् वास्तविक होने पर ही सूची से नाम हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अनुपस्थित और स्थानांतरित मतदाताओं संबंधी कार्यों में भी प्रगति लाए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर चौधरी ने फोटो सामान प्रविष्टियां और जनसांख्यिकी प्रविष्टियां के तहसीलवार कार्यों पर संतोष व्यक्त की। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन हेतु नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों के भ्रमण पश्चात् वल्नरेबिलिटी रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा। वहीं संबंधित पुलिस अधिकारी के साथ क्रिटिकल केन्द्रों का भी जानकारी उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टरों के मतदान केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। मतदान केन्द्रों के बाहर केन्द्र का नाम एवं क्रमांक उल्लेखित करवायी जाए। कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी हेतु अधिकारी-कर्मचारियों के डाटाबेस तैयार किया जाना है। विगत विधानसभा में तैयार डाटाबेस से स्थानांतरित कर्मचारियों की एन्ट्री हटाये जाने तथा अन्य प्रविष्टियां संबंधी डाटाबेस तैयार कर निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय प्रमुख की होगी।

### 31 दिसम्बर 2023 तक के सभी लंबित प्रकरण निराकृत करें

कलेक्टर ने विभागवार समय-सीमा प्रकरण, पीजीएन एवं जनचौपाल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 31 दिसम्बर 2023 तक के सभी लंबित प्रकरण का निराकरण करना सुनिश्चित करें अधिकारी। उन्होंने प्रकरणों के लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कामधेनु विश्वविद्यालय, टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग, बीएसएनएल, राष्ट्रीय राजमार्ग के वरिष्ठ अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु प्राप्त पत्र प्रेषित करने नोडल अधिकारी शिकायत शाखा को निर्देशित किया। समीक्षा में बताया गया कि मुख्यमंत्री अन्य पत्र से संबंधित 4063 आवेदन, कलेक्टर जनचौपाल से संबंधित 5408 आवेदन तथा पी.जी.एन. से संबंधित 6088 आवेदन का निराकरण किया गया है। बैठक में नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेन्द्र ध्रुव, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, नगर निगम रिसाली के आयुक्त ी आशीष देवांगन, अपर कलेक्टर गोकुल रावटे, योगिता देवांगन एवं बीके दुबे सहित सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ एवं जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### धान खरीदी की समीक्षा

जिले के 102 धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की जा रही है। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि अब तक 5,75,605 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसमें 4,38,276 मेट्रिक टन का उठाव उपार्जन केन्द्रों से हो चुका है। जिले के 1,10,762 पंजीकृत किसानों में से 1,04,555 किसान धान बेच चुके हैं। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने जिले के उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव की स्थिति में सुधार लाने डी.एम.ओ. को निर्देशित किया है। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों के मॉनिटरिंग हेतु नियुक्त जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को धान खरीदी के अंतिम तिथि को संबंधित उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर धान उठाव हेतु कटे डी.ओ. की जानकारी एवं खरीदी व्यवस्था पर नजर रखने के निर्देश दिए, ताकि उपार्जन केन्द्रों में अंतिम तिथि में धान की अफरा-तफरी ना हो सके। राशन नवीनीकरण के संबंध में अवगत कराया गया कि इस हेतु 98 हजार आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। साथ ही निर्धारित अवधि तक राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य पूर्ण कर लिये जाएंगे।

### आधार के लिए हल्का पटवारियों को सौपे जिम्मेदारी

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने राजस्व प्रकरण, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, वृक्ष कटाई, व्यवपर्तन एवं सीमांकन प्रकरणों की तहसीलवार अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रकरण लंबित होने पर बोरी, अहिवारा, दुर्ग एवं धमधा के अधिकारियों को कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष कटाई तथा निजी खातेदार/सह खातेदार आधार प्रविष्टियां हेतु हल्का पटवारियों के लिए लक्ष्य निर्धारित कर जिम्मेदारी सौंपी जाए और कार्यों में प्रगति लाएं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950